लज्जित

धन्यवाद भाई नेविल। आपको आशीष मिले!

शुभ प्रात:, मित्रो। यहां इस प्रात: होना अच्छा है। और मैं सोचता हूं कि मैंने एक बनाया... मैंने भाई नेविल के समय में घुसपैठ की है, अपने कागजों के साथ वहां पीछे बैठे हुये अपने मूलपाठ को एकत्र कर रहे हैं, और कहा, "भाई... "

2 यह मुझे वर्षों पहले की याद दिलाता है, वहां एक अश्वेत भाई हुआ करता था, स्मिथ नाम का भाई, और बहन क्रोस, वे मेरे बहुत अच्छे मित्र थे। और जब मैं रात्रि में भवन में आता वे बूढ़े... उसकी सफेद मूछे थी, पता नहीं आप में से किसी को याद है या नहीं, और वह मंच पर होगा आप जानते है और वे सब गाते होते, "यह एक राजमार्ग है, स्वर्ग को।" और भाई स्मिथ, वह *इस* प्रकार से बैठता था, आप जानते है और मैं पीछे के दरवाजे से जाता।

3 वहां एक काली छोटी सी लड़की, कोने में बैठा करती थी, ताली बजाते हुए गाती, "उसे ऊंचे पर उठाओ," यह गाना, आप जानते है। आप जानते है वे इसमें अपनी ही धुन मिलाते थे, कहते, इसमें फिर से आओ, "उसे ऊपर उठाओ।" यही वे जो गाते जब मैं दरवाजे पर आता। मुझे लोगों का वह झुण्ड अच्छा लगता।

4 और इस प्रकार से भाई स्मिथ वहां पीछे बैठते, थोड़ा सा आप जानते है और वह इस प्रकार का व्यक्ति था, वह कहेगा, "एल्डर अंदर आओ, अपनी टोपी को विश्राम दो," "स्वयं को विश्राम दो," स्वयं को विश्राम नहीं, "अपनी टोपी को आराम दो," देखा, "बड़े तुम भीतर आओ अपनी टोपी को आराम दो।" वह वहां खड़ा होगा, मैं बता सकता हूं, जैसे उसने आरंभ किया, इसके लिए मैं भीतर था। देखा

5 वह कहेगा, "भाई," वह कहता, "बालको तुम जानते हो," उसने कहा, "मैं—मैं यहां बैठे हुए आश्चर्य कर रहा था, 'प्रभु आप मुझे कहने के लिए क्या देने जा रहे है?'" कहा, "वह—वह—वह अपना सिर हिलाता रहता, मेरी तरफ अपना सिर हिलाता रहता, 'मैं आपको कुछ भी कहने को नहीं दूंगा।'" उसने कहा, "मैने बड़े ब्रन्हम को पीछे जाते देखा और

मैंने कहा, 'अब प्रभु मुझे याद आने लगा है... '" भई, मैं इसी के लिए भीतर था!

6 भाई जोर्ज राईट, भाई आप कैसे है? [भाई राइट कहते हैं, "निश्चय ही बहुत अच्छा।"—सम्पा।] भाई राईट, आपको आशीष मिले! निश्चय ही। ["भाई ऐलिय्याह वहां पीछे है।"] ओह, क्या सही में? भाई ऐलिजाह पेरी, उसने कहा, यहां पीछे, भाई ऐलिजा आप कहां हैं? बहुत समय से मैंने उन्हें नहीं देखा... ओह भाई बहुत अच्छा! अब हमारी यहां वास्तविक सभा होनी है! एलिजाह पेरी, जोर्ज राईट, और कुछ पुराने लोग यहाँ हुआ करते थे, अपने हाथों से शटर को पकड़ा करते थे, हवा लगती थी। आपको देख कर अच्छा लगा! मां, बहन राईट आपके साथ है? बहन राईट इन? वह भी वहां पीछे हैं, जी हां श्रीमान। बहन पैरी कितना अच्छा है अब मैं उन सब को देखता हूं भई यह बहुत ही अच्छा है। यहां अंदर होना अच्छा है, ऐसे स्थानों में बैठना अच्छा है, इकट्ठा होना अच्छा है।

7 मैंने योजना बनाई थी, वापस आना बहुत ही कठिन, ह्रदय पर बोझ लिये हुये, मैं हाल ही में अफ्रीका से लौटा हूं, जैसा कि आप सब जानते है। जब मैं वहां पहुंचा, तो मेरे पास प्रतिबंधित वाला वीजा था, और मुझे नहीं करने देंगे, मुझे प्रचार नहीं करने देंगे, क्योंकि यह बहुतो को इकट्ठा कर लेता है। वे किसी भी समय दंगे की आशा करते है, और—और वे—वे मुझे प्रचार करने नहीं देंगे, क्योंकि बहुत ही बड़ी भीड़ जमा होती है। एक ही विधि है, जो मैं कर सकता हूं, कोई संस्था जिसका प्रतिनिधित्व सरकार में हो, वह मुझे निमंत्रण दे, तब वे स्वयं ही सरकारी सुरक्षा हमें देंगे। देखिए, वे बस... वहां दंगा होने वाला था, बस, वहां यही होने वाला था, बस होने ही वाला था। सरकारी आदमी ने कहा, "कि पिछली बार भी यहीं था, और लगभग ढाई लाख लोग जमा हुए।" और उसने कहा, "तब आप देखिए कि यही वह चीज है जिसकी साम्यवाद प्रतीक्षा में है, एक दंगा।" इसलिए मैं प्रचार नहीं कर सका।

8 लोग वहां खड़े हुए अपने हाथ हिला रहे थे, और चिल्ला रहे थे, "मेरी मां को याद रखना! मेरे भाई को याद रखना, जो मर गया! ओह... " वहां और बाड़ के पीछे, आप जानते हैं तारों की बाढ और इससे आपको बहुत बुरा लगता है। और मैं वापस घर आया।

9 मैंने सोचा, "भाई... " मेरा पुत्र, जोसफ वहां है, अपनी पढ़ाई में थोड़ा सा पिछड़ गया है। और वह... वह ठीक–ठाक पास हो गया, परंतु उसे इसे लेना ही होगा! पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं। इसलिए मैंने सोचा, "ठीक है, हम कुछ समय के लिए घर पर ही रुकेंगे।" और मैंने कहा, "यदि हम घर पर टिकते है, तो बालकों की छुट्टियां खराब होगी।" इसलिए, हमने इसे आगे को टाल दिया, और इसे अगस्त के अगले भाग में ले लिया, और होने दिया... और यहां तीन सप्ताहों के लिए आ गए।

10 मैंने कहा, "मैं विश्वास करता हूं, जबकि हम यहां पर है, मैं एक सभा करूंगा। हम उस विद्यालय का सभागार लेंगे, यहां पर, और—और हम 28 से पहली तक की सभाएं विद्यालय के सभागार में लेंगे और मैं वे अंतिम सात कटोरे उन्डेले जाने पर प्रचार करना चाहता था।" और इसलिए हमने पहले से बुलाया और हमें थोड़ी निराशा हुई, वे हमें वह विद्यालय और नहीं लेने देंगे, बहुत से लोगों की भीड़ वहां हो जाती है, हम इसे कहीं और नहीं कर सकते। और इसलिए मैंने निर्णय लिया, जबकि मैं यहां पर हूं, बजाये इसके...

11 हम सब लोगों को अंदर नहीं ले सकते, यदि हम... हमने कभी भी इसका विज्ञापन नहीं दिया। इसलिए हम सारे लोगों को अंदर ले, उन्हें यहां आराधनलय में भीतर ले, तो हम यह नहीं कर सकते, देखिए, यह... यहां पांच दिन भयानक हो जाएंगे।

12 इसलिए वहां पर बैठे हुए भाई नेविल, भाई वुड और उन लोगों के साथ बातें करते हुए, हमने यह करने का निर्णय लिया, यदि हम नहीं कर सकते, बजाये इसके कि इससे हमें पांच सभाएं करनी होगी, तो यह अठाईस, उन्नतीस, तीस, इक्कतीस और पहली होगी। भई, मुझे लगता है यदि हम अगले रविवार से आरम्भ करें, तो हम दो सभाये ले सकते है, रविवार सुबह और रविवार रात्रि, यह अठाईस है। और फिर पच्चीस को—को रविवार सुबह और रविवार रात्रि यह चार सभायें, तब अगस्त एक को रविवार सुबह और रविवार रात्रि यह छ: सभाएं हमारी होगी। और फिर इससे अधिक भीड़ नहीं होगी कि लोग अंदर आ जाए। और मैं सोचता हूं कि।

13 क्या आप सोचते है कि यह अच्छा रहेगा बजाये कि हर कोई भीतर आकर भीड़ करें और दबे और आदि–आदि? इसलिए केवल उनके लिए

दो सभाये, हम इससे कर सकते है, परंतु हर कोई एक प्रकार से खींच रहा है। पांच रातों के लिए सीधे–सीधे, यह कठनाई पैदा कर देगा।

14 और मैं यहां ट्रस्टियो और एल्डरो से मिलना चाहता हूं जब कि मैं यहां पर हूं।

15 यह हर कहीं हो रहा है, हम अंत के दिनों में रह रहे है, जहां सुसमाचार उत्कृर्ष नहीं है, जैसा कि इसे होना चाहिए मेरे पास अधिकार नहीं है कि इसे लेना चाहिए, यह सब राजनीति आदि में मिल गया और एक यूनियन के समान। और यही जो अंत में होने जा रहा है क्योंकि पशु की छाप को एकता के द्वारा ही आना है, हम जानते है। इसलिए हम—हम... क्योंकि यह त्यागना है, "कोई भी मनुष्य खरीद या बेच नहीं सकता, सिवाये उसके जिसके पास पशु की छाप है।"

16 और अब मैं यह मालूम करना चाहता हूं, अपने ऐल्डरो के द्वारा मुझे ऐसी अगुवाई हो रही है, परमेश्वर के लिए मेरे ह्रदय में ऐसी भूख कभी नहीं लगी, मेरे सारे जीवन में, जो कि मुझे अब है। क्योंकि... और मैं—मैं अपना तंबू चाहता हूं और अपनी—अपनी चीजें, जैसा कि प्रभु ने मुझे दर्शन दिया और मैं विश्वास करता हूं कि समय समीप है, जब कि मैं यहां हूं मैं देखना चाहता हूं, हम क्यों नहीं तंबू ले सकते है।

17 और—और तब जब हम जाते है, जैसे कि यहां जैफरसनविले में आते है, बजाये एक या दो दिन के या तीन या चार दिनों के लिए हम बाहर जा कर उस इस तंबू को लगाए और दो–तीन सप्ताह ले, आप देखिए, और फिर हमें कोई इस विषय में कुछ नहीं कह सकता। हम चाहे तो बोल पार्क ले सकते है या वे हमें यह ना लेने दे, यहां किसान हैं, बाहर हमें फॉर्म लेने देंगे, हम ये फॉर्म किराए पर ले लेंगे, और इसे लगाएंगे। हमे वहां केवल एक ही कार्य करना पड़ेगा अपना—अपना बाहर बनाना पड़ेगा और आदि–आदि। और अपनी सुविधानुसार और यह सरलता से किया जा सकता है। और फिर हम अपनी सभाये इस प्रकार से आरंभ करेंगे, क्योंकि यह प्रभु के दर्शन के अनुसार है और इसे उसी प्रकार होना है।

18 और बीते कल आते हुए पाया, आप जानते है, *ये, वो*। और गली तक जाते हुए और मेरा एक भला मित्र वहां जा रहा था, बोला, "हेलो बिली।" मैंने उसे देखा और बर्फ से सफेद बाल, *ऐसा* बड़ा पेट, और मेरी आयू का

लड़का, हम एक साथ दौड़े, सुंदर युवा पुरुष, जब मैं छोटा लड़का था व इस प्रकार से मुझे अजीब लगा।

मेरा छोटा लड़का, जोसफ बोला, "पिताजी आप क्यों उदास है? "

19 मैंने कहा, "ओह, मैं तुम्हें नहीं समझा सकता जोसफ। देखो, मैं तुम्हें नहीं बता सकता।"

20 और एलिजी पैरी को जो पीछे बैठा है, देखें, और श्रीमति पैरी; ऐसा लगता है, कल जैसे उस जोड़े के काले बाल थे, मेरे पड़ोसी, जब हमारे पास पुरानी वाहू नाव थी, और नदी पर रात में मछली पकड़ी। देखिए, दोनों के सिर सफेद हो गए, आप जानते है, यह एक बात करता है, यह एक छोटी घंटी जो आती है, कि "तुम्हारे पास और अधिक समय नहीं है।" समझे?

21 इसलिये मैं चाहता हूं कि अपने जीवन का हर दिन उसके लिए गिनू, कि मैंने क्या छोड़ दिया, मेरे पास कितना समय है, इसे मैं कहीं किसी चीज के लिए खर्च करु, यदि यह अधिक नहीं है कि सड़क के किनारे खड़े होकर परमेश्वर की महिमा की गवाही और उसको सम्मान दू। और—और मैं यहां इसी उद्देश्य के लिए हूं।

22 और मेरे पास ग्रीन मिल इंडियाना में एक गुप्त स्थान है, यह नगर नहीं है, अब, यह—यह एक जंगल है। और कुछ लोगों ने इसे ले लिया है और वे आपको वहां पैर रखने नहीं देंगे, और वहां मेरे पास एक गुफा है जिसे वे कभी नहीं ढूंढ पाएंगे। जब मैं उसमें जाता हूं, मैं उसमें रात्रि के समय जाता हूं, वह कभी नहीं पायेगा कि मैं कब अंदर गया और बाहर आया। और कोई नहीं जानता कि गुफा कहां है, कोई मतलब नहीं वह कहां है, नहीं ढूंढ पाएंगे और मैं प्रभु से बात करने को वहां जाना चाहता हूं थोड़ी देर के लिए, जब अनुभव करता हूं कि जरूरी है।

23 पत्नी वो आना चाहती है, वापस आना चाहती है और आस–पास मिलना चाहती है और रिबेका, साराह और वे अपने मित्रो के साथ और हम यहां अगले तीन सप्ताहों के लिए यहाँ फिर है, और यदि प्रभु ने चाहा।

24 और मैं सोचता हूं, बजाये इसके कि लोगों की भीड़ यहां लगाये, उन सभाओं के लिए आराधनालय में... ठीक है, वह हमारा है प्रभु का है, हमें दिया है, यह वातानुकूल है। रविवार प्रात: की सभा करना चाहता हूं, एक

रविवार रात्रि की सभा, जिससे लोग घर वापस चले जाए, और अगले आने वाले सप्ताह तक प्रतीक्षा करें।

25 मैं नहीं सोचता कि मैं ले सकूंगा और—और औपचारिक रूप से उन अंतिम कटोरो के उन्डेले जाने के साथ न्याय करूं, क्योंकि उन में बहुत ही महान सन्देश है। परन्तु मैं बीमारों के लिए प्रार्थना कर सकता हूं, और चीजें कर सकता हूं जो... मेरे पास संदेश भी है जैसा कि प्रभु मुझे कलीसिया के लिए देगा। इस सप्ताह में, मैं यही कही जंगल में चला जाऊंगा और अध्ययन करूंगा, और रविवार प्रात: वापस आऊंगा, रविवार प्रात: की सभा लूंगा और रविवार रात्रि की सभा। हमारा बहुत ही भला पास्टर भाई नेविल, मैंने पूछा कि क्या वो संतुष्ट है, उसकी सारी सभाये ले रहा हूं, परंतु वो सारी सभाये देने से बहुत ही प्रसन्न है। मैं बस...

26 वह भाई कैप उसे भी घूमने की लत है और मैं देखता हूं, वह चला गया, और—और भाई हूमस। और प्रभु के पास एक भाई मान, कि वह इसे ले और वह स्थान। आप जानते है क्या यह आश्चर्य जनक नहीं कि परमेश्वर इन चीजो को कैसे करेगा? उसका हर चीज के लिये यही समय है। मैं आया और मैंने सुना कि कोई प्रचार कर रहा है, मैंने कहा, "मैं यह... विश्वास नहीं करता... "

27 भाई कैप वे ट्यूसान आये और मैं सोचता हूं कि इसने इन्हें उन्हें धोखा दिया यह लगभग 110 डिग्री था। और वह इससे कोई मतलब नहीं रखना चाहता था, इसलिए वह अलग चला गया, वह और भाई हूमस फिनिक्स चले गये। वास्तव में, यह एक सौ पंद्रह से सोलह, अठारह या वहां पर। यह अब भी बहुत खराब था, इसलिए मैं सोचता हूं इसके बाद वह टेक्सास के लिए चला गया, वह एक स्थान ढूंढने का यत्न कर रहा था।

28 परंतु वर्ष के इस समय में आप एरीजोना को नहीं चाहते, मैं आपको बताता हूं उस दिन पिछले शुक्रवार, यह एक सौ चालीस था पारकर में, एक सौ चालीस डिग्री, और यही जहां भाई क्रेग कलीसिया से यहां रहते है। आप अंडा तोड़ सकते है और इसके पहले कि वह जमीन पर गिरे यह तल जाएगा [भाई ब्रन्हम हंसते हैं—सम्पा।] आप थूकते है और—और यह सूख गया, यह बस... वहां आद्रता नहीं है, कुछ नहीं यहां वर्ष के इस समय में वास्तव में भट्टी होता है। परंतु नवंबर से, दिसंबर और जनवरी

बहुत शानदार, परंतु मार्च और अप्रैल के लगमग अच्छा है कि आप चले जाये, यदि घुटना नहीं चाहते।

29 इसलिए भाई कैप्स और वे वहां आये, बस इसी समय में, क्योंकि मैं सोचता हूं उन्हें भगा देगा इसलिए हो सकता है, प्रभु ने यह एक उद्देश्य से किया है। मैं यह विश्वास कर रहा हूं कि प्रभु ही धर्मी के कदमों को ठहरता है कभी–कभी यह कठिन प्रतीत होता है।

30 उस दिन के समान यह अफ्रीका की यात्रा, और मैं बहुत ही निश्चित था कि मैं परमेश्वर की इच्छा में चल रहा हूं। क्योंकि एक वर्ष पहले मैं नीचे दक्षिण में था, सभाओं की श्रृखला चल रही थी, और वे—वे, मैंने सोचा...

31 उस संस्था से आ रहा था, बोला, "आप आ सकते है, क्रिश्चियन बिसनेसमेन के द्वारा, परंतु हमारा इससे कुछ लेना–देना नहीं होगा।"

32 परंतु मैं उन लोगों को इस में धकेलना नहीं चाहता था आप जानते है कि विवाद हो। मैं—मैं चाहता था कि उन्हें एक दूसरे के साथ अच्छा लगे। इसलिए मैंने कहा, "भई... " उन्हें पत्र लिखें, मैंने कहा, "स्मरण रखें मैं वर्षों से वहां अफ्रीका से फिर से जाना चाह रहा हूं, यह अनुभव करते हुए कि अफ्रीका में मेरी सेवकाई पूरी नहीं हुई है। मेरे पास... "

33 क्यों मैं अफ्रीका जाना चाहूंगा, जब कि यहां संयुक्त राज्य में मेरे पास है, छह, सात सौ निमंत्रण ठीक यहां कि कनाडा को मैक्सिको या इन किन्ही स्थानों को छोड़ कर? क्यों मैं वहां जाना चाहता हूं? परंतु मेरे युद्ध में यहां कुछ है जो मुझे अफ़्रीका की ओर खींचता है। वहां वे लोग उसके विषय में कुछ है, उनके विषय में कुछ तो है, जिसे मैं प्रेम करता हूं और बस और मैं—मैं अश्वेतों के लिए जाना चाहता हूं। और वहां बहुतो में कुछ है, वे अगुवे, वे यह अनुभव नहीं करते कि मुझे यह कुछ करना चाहिए, मैं अपने अश्वेत मित्रों के पास जाना चाहता हूं, यही जहां प्रभु ने मुझे बुलाया। और अब वे आवश्यकता में हूं, उन में से बहुत से लोग वे श्वेत लोग डॉक्टर और सब कुछ हो सकते है, परंतु वे निर्धन वासी वहां रहते हैं और आधे सड़े। मुझे—मुझे—मुझे लगता है, वे है एसे दिखते है कि वे इसे ग्रहण करेगे। वे है। इस विषय में कुछ है।

34 जब आप एक बिंदु पर आ जाते है कि आप की तेज तर्रार है कि आप सब कुछ जानते है, तब परमेश्वर आपके साथ कुछ नहीं कर सकता, परंतु यदि आप एक ऐसे स्थान पर आ जाते है कि आप सीखना और सुनना

चाहते है, तो फिर—फिर यह परमेश्वर का समय है, कि भीतर आ सकता है, और आप से बात कर सकता है।

35 इसलिए मैंने उन्हें वापस एक पत्र लिखा और उन्हें बताया, और मैंने कहा, "याद रखिये, न्याय के दिन, वे हड्डी वाले हाथ धुएं में से उठेंगे, आपको दोषी ठहरायेगे! उनका लोहू आप पर होगा ना कि मुझ पर, क्योंकि मैं लगभग दस वर्षों से कोशिश कर रहा हूं कि वापस जाऊं।"

36 तब जब चिट्ठी मैंने डाक में डाली, वापस आया, किसी चीज ने मुझसे कहा, "सिड्नी जैक्सन को देखो, शिकार पर निकलो।" और उसी समय परमेश्वर सिड्नी जैक्सन से बोला, "येलो मोनी लिओन, भाई ब्रन्हम का अभियान; डरबन में बड़ी सभा।"

37 वह यहां पर था उसने आपसे यहां बात की। अकस्मात हमने बपतिस्मा दिया... वह यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मे के बहुत ही विरुद्ध था, और उसकी पत्नी उससे भी बुरी तरह जितना कि वह था, वह बस चली जाएगी। आप सकते हैं... मैं आपको बता रहा हूं, कि मैंने इससे अधिक श्रद्धालु लोग कभी नहीं देखे, उनके पास वहां लगभग डेढ सौ सेवकगण वहां थे, जिनका बपतिस्मा यीशु मसीह के नाम में हुआ था, और वे बस राष्ट्र में आग लगाए थे। संदेश अफ्रीका पर छा रहा है, हर कहीं, जहाज उड़ाने वाले, महान पुरुष आ रहे हैं, यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले रहे हैं।

38 और इसलिए जब मैंने वहां जाने के लिए मैंने आरंभ किया, मैं आपको बता रहा हूं मेरे जीवनकाल में कभी भी इतना कठिन समय नहीं आया, जितना यत्न वहां पहुंचने के लिए किया और फिर अंतिम क्षण में; बिल्कुल अंतिम क्षण में जाना, यहां मेरे वीजा पर लिखा हुआ है, "किसी भी प्रकार की धार्मिक सभा का आयोजन नहीं कर सकते, केवल शिकार कर सकते हैं।" भाई यह तो वर्गीकृत कर दिया।

39 परंतु मैंने कहा, "मैं चिंता नहीं करता कि शैतान क्या करता है मैं—मैं नहीं... मैं नहीं कर सकता, भाई जैक्सन ने जो कहा उसके आधार पर नहीं कर सकता, जो येलो मने लियोन के विषय में बोला *यह, वह* या *आदि–आदि*। मैं—मैं इसे आधार नहीं बना सकता, परंतु मैं यह जानता हूं कि परमेश्वर ने मुझसे 'सिड्नी जैक्सन से मिलने को कहा और शिकार पर जाऊं।'" और मैंने कहा, "मैं जा रहा हूं।" और कभी–कभी... और मेरे पास एक महान यात्राये थी।

40 मैंने पाया कि परेशानी क्या थी। और अब प्रभु चाहे तो मैं अक्टूबर के लिए सोचता हूं, मैं वापस जा सकता हूं, और पूरे सहयोग से सभाये आदि देखिए, अब अफ्रीका में। मैं इसकी गहराई में गया कि यह कहां पर था, क्या कारण था, यहां लिख रहे हैं, इसके पास कहने को *यह* है, किसी के पास कुछ है कि कहे और *यह* वाला वहां करने के लिए। सबसे अच्छा कि जाकर स्वयं को खोजो। और मैं जानता हूं कि परेशानी कहां पर थी, और इसका कारण क्या था, यह बहुत सारे लोगों के इकट्ठे होने के कारण, सरकार मुझे यह नहीं करने देगी।

41 अब यदि क्रिश्चियन बिजनेसमैन या कोई संस्था जो कि हमें भीतर लाएगी, तो फिर सरकार अपने आप ही... क्योंकि यह संस्था का प्रतिनिधित्व सरकार में, सरकार ने सेना की सुरक्षा भेजी। यदि यह एक नामधारी से पच्चीस लोग भी हुए, पच्चीस दूसरे से, फिर भी ये उसे स्वीकार नहीं करेंगे, इसे तो उस संस्था के प्रधान से ही होना है। क्रिश्चन बिजनेसमैन बिन संप्रदाय की संस्था है जो सारी कलीसियाओं का प्रतिनिधित्व करती है। डॉक्टर साईमन, वहां उनके प्रधान एक बहुत ही अच्छा व्यक्ति है मैंने उस से भेंट की और उसके साथ बातें की और वे सभाएं ले रहे थे, और बाकी सारी कलीसियाये एक साथ आ रही थी। देखा? और मैं विश्वास करता हूं, हम महान सभाएं करेंगे जो कि अफ्रीका में—में होगी।

42 परंतु मेरा तर्क यह था, जब आप जानते हैं कि आप—आप वह करने का यत्न करते हैं, जो सही है, पहली बात यह है कि यदि आपको कुछ करने की अगुवाई होती है तो फिर वचन से जांचिये और देखिए, यदि यह वचन के साथ ठीक है और फिर आपको कोई ना रोके। मैं चिंता नहीं करता, शैतान आपके मार्ग में कितने रोड़े लगाए, बस उनके ऊपर से होकर निकल जाए।

43 मैंने अपनी पत्नी को बताया और भाई वुड को बताया, जब मैं यहां पहुंचा और कुछ भिन्न जिनसे मैं कल मिला: मेरे पास यहां लगभग पांच वर्ष थे। जिसमें मैं कठिनता से जान पाया कि क्या करना है। यह एक अधीरता भरा रहा... देखिए, कलीसियाओं के मध्य में स्वयं में एक बेदारी मर चुकी थी, यह हर कोई जानता है, आप यह इस आराधना में अनुभव कर सकते हैं, आप यह हर कहीं अनुभव करते हैं। एक प्रहार, मरी हुई अनुभूति, कुछ है, क्या ठीक बात नहीं यह इस कारण है कि बेदारी का जोश लोगों में

से जा चुका है। आप कलीसियाओं में जाए, आप उन्हें बैठा हुआ देखेंगे और पास्टर संदेश के लिए इधर–उधर भटक रहा है और, और कुछ। और पहली बात आप जानते हैं, उसने इसे एक प्रकार दावत में बंद कर दिया है, जो कि करने जा रहे हैं या ऐसा ही कुछ ऐसा प्रतीत होता है। यह मृत्यु का सा प्रहार चारों ओर है।

44 बिली ग्राहम ने भी इस पर ध्यान दिया, ओरल रोबर्ट ने भी श्री ऐलन को भी कुछ मुश्किलें हैं जैसा कि आप जानते हैं, ओरल रोबर्ट के पास पचास मिलियन डॉलर के भवन है और आदि–आदि उसके पास विद्यालय और भाई कोई भी कार्य क्षेत्र में नहीं है, अब।

45 दर्शन के द्वारा यदि मैं यहां पर रहा कि ट्यूसान जाऊं और देखिए, प्रभु ने मेरे करने के लिए क्या चाहा है। वह वहां मुझे मिला जैसा कि उसने आपको यहां बताया कि वह यह करेगा, और सात दूतों का रूप और वापस जाने को कहा और सात मोहरे खुलनी थी। ठीक यही घटित हुआ।

46 उसने कहा, एक दिन भाई वुड के साथ जब वह वहां आया, हम उसी स्थान पर गए और पत्थर ऊपर फेंका, वह नीचे आ गया, उसने कहा, "दिन और रात में ही तुम... " कुछ, शब्द मैं भूल गया क्या थे। "तुम परमेश्वर की महिमा देखने जा रहे हो।"

47 और अगले दिन एक चक्रवात आकाश से नीचे उतरा, और हम कहानी जानते हैं कि क्या घटित हुआ। जब यह ऊपर चला गया तो उन्होंने पूछा यह क्या था "उसने तीन शब्द बोले, उन तीन महान धमाकों में।" मनुष्यो ने केवल धमाके सुने, मैं समझ गया कि इसने क्या कहा और कहा, "'पश्चिमी किनारे का न्याय हो रहा है!'" उसके दो दिन के पश्चात अलास्का डूबने को हो रहा था, चारों ओर गर्जन हो रही थी भूचाल आदि। हर दिन उसे देखे भूचाल हर कही हिला रहा है।

48 मेरी अंतिम सभा, मेरी अंतिम सभा हुई थी, तब से वास्तव में यह मेरा पहला संदेश होगा जो मैं प्रचार करने पर हूं। मैं लॉस एंजलिस के बाल्टी मोर सभागार में प्रचार कर रहा था और मैं एक मनुष्य अपने लिए एक पत्नी चुन रहा है इस पर बोल रहा था, संभवत: आपके पास यह टेप होगा, "ये," मैंने कहा, "यह इसके चरित्र और इच्छाओं को परावर्तित कर रहा है।" जब मनुष्य एक स्त्री को लेता है, तो वह एक युवा लड़की को लेता है कि उसकी पत्नी बने, वह एक आधुनिक लड़की जो एक साधारण आवारा, यह

दर्शाता है कि वह क्या है... यदि वह सुंदरी से या एक कामुकता की रानी, यह जो भी है यह, यह दर्शाता है कि वास्तव में उस व्यक्ति में क्या है। परंतु एक मसीही चरित्र स्त्री में देखता है, क्योंकि वह एक भविष्य के परिवार की योजना बना रहा है, उस महिला के साथ, वह योजना बनाता है वह एक घर संभालने वाली पाता है। और मैंने कहा, "तो फिर मसीह यहां उसके वचन के अनुसार हमें बताता है कि हमारा भविष्य का घर कैसा होगा, तो फिर वह किस प्रकार की पत्नी चुनेगा, एक नामधारी व्यभिचारिणी? कभी नहीं! वह एक ऐसी स्त्री चुनेगा, जिसका चरित्र उसके वचन के द्वारा हो और वह दुल्हन होगी।"

49 और जब कि वो वहां किसी बात ने मुझे प्रभावित किया, और मुझे लगभग तीस मिनट तक कुछ नहीं मालूम, एक भविष्यवाणी हुई थी। पहली बात मुझे याद है भाई मोसले और मैं, बिली बाहर सड़क पर जा रहा था। और यह बोला "तू कफरनाहूम तो जो स्वयं को ऐजल के नाम से कहलाता है," यह लॉस एंजलिस, दूतो का नगर देखिए दूतो, "जो कि स्वर्ग तक ऊंचा किया गया, अधलोक तक नीचा किया जाएगा क्योंकि यदि सादोम में सामर्थी कार्य किए गए होते, जो कि तुझे तुझ में किए गए तो वह आज के दिन में भी बना रहता।" और यह सब मुझसे और अचेतना में हुआ। समझे?

50 और कैसे मैं एक प्रेरणा में था, मसीह को ऊपर उठा रहा था और कलीसिया को बता रहा था, मैंने कहा, "आप महिलाओं, कोई मतलब नहीं, मैं आपके पास किस प्रकार से आने का यत्न कर रहा हूं, या इन बातों के विरोध में प्रचार करता हूं। और आप पुरुषों, आप प्रचारको, आप सारे समय निरंतर आंखें नीचे रहते हो, इसे वैसे ही करते हो आप इस पर से ऐसे निकल जाते हो जैसे कि परमेश्वर का वचन कुछ था ही नहीं।"

51 और जब मैंने यह समझ लिया तो मैंने जाकर कहा, "इस विषय में कही कोई लेख है।" और मैंने जाकर पाया कि यह यीशु था जो समुद्र किनारे बसने कफरनाऊम पर है। उस रात्रि मैंने परम पवित्र वचन पर ध्यान दिया, घर आकर इतिहास की पुस्तक को निकाला और सादोम और गमोरा एक—एक समय संपन्न नगर थे, संसार में अन्यजातियों के मुख्यालय। और आप जानते हैं वे नगर भूचाल के द्वारा मृत सागर में डूब गए। और यीशु खड़ा हुआ और बोला, "कफनाहूम, यदि सादोम में ये कार्य जो तुझ में किए गए किये जाते, तो वह आज तक बना रहता, परंतु तू अब अधोलोक तक नीचा

किया जाएगा!" और उसकी भविष्यवाणी के लगभग दो या तीन सौ वर्षों पश्चात, वे सारे समुद्र किनारे के नगर ठीक वही है, सिवाये को कफरनाहूम के और यह समुद्र की तलहटी में है, भूचाल ने इसे समुद्र के तलहटी में पहुंचा दिया।

52 और फिर भविष्यवाणी, "लॉस एंजलिस समुद्र की तलहटी में होगा।" और मैं घर आया, और अफ्रीका चला गया और जब कि मैं अफ्रीका में था, भूचाल आया। और वैज्ञानिक लोग... आपने यह देखा यह रेडियो पर था कि कुछ बड़े अच्छे मकान गिर पड़े और मोटल, यात्रियों को होटल और आदि–आदि, लॉस एंजलिस में। और अब वहां...

53 उस भूचाल के समय से पृथ्वी में दो या तीन इंच की दरार है, अलास्का से आरंभ होकर अल्यथिओं आईलैंड तक गई है। यह समुद्र में लगभग डेढ़ सौ या दो सौ मील की है, और वापस संडे को वापस सेन डिगो तक वापस आयी है; केलिफोर्निया को भी ले लिया या लॉस एंजलिस को और कैलिफोर्निया के उत्तर से हो निकली है एक छोटा सा स्थान जो सेन जोसे कहलाता है, ठीक वहां नीचे।

54 अपने साक्षात्कार में एक वैज्ञानिक बोल रहा था। हम टेलीविजन पर देख रहे थे। और उसने कहा, "इसके नीचे लावा उबल रहा है।" और उसने यह कहा, उसने कहा, "यह एक टुकड़ा टूट कर अलग होगा, " बोला, "और यह होगा।" और यह...

55 यह व्यक्ति, मुख्य वैज्ञानिक का साक्षात्कार ले रहा था, "बोला तो फिर यह सारा डूब जाएगा? "

बोला, "हो सकता है? यह होना ही है!"

56 कहा, "ठीक है, और बहुत से होंगे, अब से वर्षों पश्चात।"

57 उसने कहा, "यह अब से पांच मिनट, या अब से पांच वर्षों में।" उसने 5 वर्ष ठहराये।

58 परंतु उतना ही निश्चित जैसा मैं वहां उस प्रेरणा में खड़ा था, पश्चिमी तट पर न्याय है, और फिर लॉस एंजलिस धंसना आरंभ हुआ, यह गया! यह ठीक बात है, यह घटित होगा। कब? मैं नहीं जानता।

59 परंतु, ओह, क्या हुआ? आप जानते हैं, कि हमारे पास अब छ: द्वीप है, हमारे पास सात थे एक जो कि अफ्रीका और संयुक्त राज्य के बीच में था

डूब गया। ओह, यह ऐतिहासिक है, आप इस विषय में जानते हैं। अब यदि यह नीचे जाता है, तो मैं यह चाहता हूं कि ध्यान दें कब...

60 यह एक वह उपदेश था, जिसे मैंने तब प्रचार किया था, मैं समझता हूं भाई ऐलिज पैरी उस समय कलीसिया में डिकन हुआ करते थे, जितना मैं जानता हूं। परंतु यह कहा, "समय आएगा... " मुझे तब तक नहीं मालूम था जब तक श्रीमती सैमसन उस दिन मेरे पास वही उपदेश लायी, और मैंने इसे छोटी पुस्तक में लिख लिया। "वह वीरान जो... " कि, "समुद्र अपनी तह से इस वीराने में रोएगा।" यह तीस वर्ष पहले था।

61 और यह सही है कि साल्टन सागर समुद्र तल से 200 फिट नीचा है और यदि वह बड़ा उबाल जिसे पृथ्वी ने अपने आप में सटक रखा है सौ वर्ग मील का, सैकड़ो–सैकड़ो मील जमीन में धंस रहा है, जो एरीजोना में बड़ी–बड़ी लहरों को फेंकेगा निश्चय ही यह होगा।

62 ओह, हम अंत के समय में है, शानदार घड़ी, प्रभु यीशु का प्रगट होना! उसने कहा, "जगह–जगह भूचाल आएंगे, घबराहट का समय राष्ट्रों में संकट, मनुष्य के ह्रदय भय से बैठे जा रहे हैं।" कहा, "जब यह बातें घटित होने लगे, अपने सिरों को उठाना, तुम्हारा उद्धार निकट है, " ओह!

राष्ट्र टूट रहे हैं, इस्राएल जाग रहा है
वे चिन्ह जो भविष्यवक्ताओ ने पहले से बताये;
अन्यजातियों के दिन गिने हुए हैं, उसे हेगे के साथ
पिछड़े हुओ लौट आओ अपनों में। (यह करने के लिए निश्चित हो जाये)

वह छुटकारे का दिन समीप है
मनुष्यो के हृदय भय से रुक रहे है;
परमेश्वर के आत्मा से भर जाओ, अपने–अपने चिराग जान छांट और साफ कर लो
ऊपर देखो, तुम्हारा छुटकारा निकट है (यह ठीक बात है)

झूठे भविष्यवक्ता झूठ बोल रहे हैं, परमेश्वर के सत्य का वे इन्कार कर रहे हैं
कि यीशु मसीह हमारा परमेश्वर है।

63 उस दिन आपने चित्र देखा, कैसे उसने चित्र को एक ओर घुमाया? और वह सात स्वर्ग दूतो का चित्र जो ऊपर उठ रहे थे, इसे सीधे हाथ की ओर वहां प्रभु यीशु का चेहरा नीचे पृथ्वी की ओर फिर से देख रहा था।

64 आपको स्मरण है जब मैंने *सात कलिसियायी काल* प्रचार किये, मैं समझ नहीं सका, क्यों यीशु अपने पर "सफेद" सिर के साथ खड़ा है, वह एक युवा पुरुष था, मैंने इसे वापस बाईबल में देखा, इसने कहा, "वह प्राचीन दिनों का आया, जिसके बाल ऊन उनके से श्वेत थे।" यीशु केवल साढ़े तैंतीस वर्ष का था, क्रूस पर चढ़ाए जाने के समय।

65 मैंने धर्म विज्ञानी भाई जैक मूर को बुलाया, उसने कहा, "ओह, भाई ब्रन्हम, यह यीशु अपनी महिमा वाली अवस्था में है।" कहा, "उसके मरने गाड़े जाने, और जी उठने के बाद, वह इसमें बदला गया।" एक धर्म विज्ञानी को यह ठीक जान पड़ता है, परंतु यह ठीक सा नहीं लगता, इसने कुछ सही चोट नहीं की।

66 मैं वहां गया और उस पहिली कलीसिया काल पर आरंभ किया, वहां पवित्र आत्मा ने इसे दर्शाया, अब अपनी *कलिसियायी कालो* पर ठीक पाते हैं। मैं समझता हूं कि पुस्तक जल्द ही आ जाएगी, इसकी पूरी व्याख्या। और यह ये दर्शाता है कि यीशु न्यायी था, ये वह सफेद बालों कि टोपी वे पहना करते थे और एक न्यायी के समान पहनते थे, इंग्लैंड में यह अब भी है, जब आपके पास सर्वोच्च अधिकार होता है। और इस चित्र में वह एक ओर घुमा हुआ है, यह वहां पर, उसके काले बाल आप उसके दाढ़ी के एक ओर देख सकते हैं, और सफेद बालो की टोपी पहने हुए हैं। वह अधिकार का अंत है, वह सर्वोच्च अधिकारी है, यहां तक कि परमेश्वर ने स्वयं कहा, "यह मेरा प्रिय पुत्र है, तुम उसकी सुनो।"

67 यहां वह उन स्वर्ग दूतों के साथ है, वह संदेश, जिसने कि सात मोहरों को तोड़ा था, जिसने *सर्प वंश* को प्रगट किया और यहां ये सारी चीजें। और यह ये दर्शाता है कि यह उसका ओढना है, यह—यह उसका सर्वोच्च अधिकार है, और उसने बालो की टोपी पहनी या—या ढांपा। बाईबल ने कहा, उसने अपने मुख का भाव बदला या उसने स्वयं को बदला *इन मोरफ* यह शब्द युनानी शब्द से आता है *इन मोरफ* जिसका अर्थ एक युनानी कलाकार जो बहुत से अभिनय भागों को करता है आज वह एक चीज है और अगले अभिनय में वह कोई और है। वह परमेश्वर था, एक

अभिनय में पिता, परमेश्वर दूसरे में पुत्र और फिर परमेश्वर, इस कार्य में पवित्र आत्मा। समझे? ये वहां पर है उसका वचन अब भी सर्वोच्च है, हम अंत के दिनों में रह रहे हैं।

68 उस दिन अफ्रीका से वापस आते हुए, मैं थोड़ा सा थका था। आप देखिए, यह वहां अब रात्रि का समय है, और आपको घूमना पड़ेगा और फिर समय मुझे फिर घुमाना पड़ा फिर वापस आया। हमारी यात्रा शानदार रही, शिकार, एक सबसे अच्छा जो कभी मेरे जीवन में हुआ। तब बिली ने कुछ चित्र लिए उसके पास समय हुआ तो वह इसे कहीं दिखा सकता है और आपको यात्रा दिखाएगा।

69 मुझे स्वप्न दिखा। मुझे सदा पब्लिक सर्विस कंपनी का स्वप्न आता है जो भी है। इसलिए मैंने—मैंने सोचा यह कार्यस्थल पर एक प्रकार से मूल्य निर्धारण था, मैं समझता था... उन्होंने मुझे मेरी तरह से करने दिया और मैंने सोचा मैं काश... बजाये बाहर जाने के और तारों के साथ–साथ चलने के या बिल जमा करने से या जो भी मुझे करना था, मैंने बस कहा, "मैं खुद ही अपना मालिक हूं," मैं बस तैरने के लिए चला गया। और मैंने अपने यह कपड़े उतारे, और अपने तैरने वाले कपड़े पहने, मैं अपने में था और मैंने सोचा, "कहता हूं यह ठीक नहीं है, यह कंपनी... यह दिन का समय है, और कंपनी मुझे इसके लिए भुगतान करती है।" सोचा, "यह तो विचित्र है।" और फिर मैंने सोचा, "भाई जो इस मार्ग पर मैं जो पैसा एकत्र करता हूं... " मेरे पास दो चीजें हैं निरीक्षण करना और यह मार्ग एक साथ मिले हुए और मैंने कहा, "भाई जो पैसा मैंने एकत्र किया है मैंने कुछ किया है, मैं यहां वहां जा रहा हूं, मैंने अपने सारी रसीदें खो दी और मेरे पास उनके पैसे हैं और मेरे पैसे उनमें मिल गए हैं, अब मैं कैसे जानू कि किसने भुगतान किया है? " मैंने सोचा, "क्योंकि मैं कोई ध्यान नहीं दे रहा था!" मैंने सोचा, "यह ठीक बात नहीं है। मेरे करने के लिए बस एक ही चीज है कि वापस अपने अधिकारी के पास जाऊ और उसे बताऊं।" वह डॉन विलेज था। मैंने कहा, "डॉन, मैंने वे रसीदे खो दी अब यह सारे पैसे हैं, जो मेरे पास है, उसके उनके पैसे एक साथ है यहां खजांची के पास छोड़ जाओ। और लोग, जब वे आते हैं, उनके पास रसीदें होगी, जो उनके बिल मैंने भुगतान में लिए हैं।"

70 संभवत वे लोग यहां बैठे होंगे जिन्हें कि मैं—मैं... मैं जानता हूं कि वहां

है। जिनसे मैंने उन दिनों में—में जमा किए थे, और मैं... और मैंने एक रसीद दी होगी। आप जानते हैं यदि आपके ऊपर बिल चढ़ जाए तो यह दस प्रतिशत होगा और हो सकता है एक डॉलर और आधा या पंद्रह सेंट अधिक। उनमें से बहुत से रहते हैं... हम एक साथ मिलकर और बात करते और वे अपना बिल चलने देते और मैंने आकर उनसे थोड़ी देर बाद की। पंद्रह सेंट दिए आप जानते हैं बस बैठ कर बातें की थोड़ी देर और बिल जमा करने के लिए, यह क्रम में हो गए, और बहुत से बिल मिल गए जो मैं जमा नहीं कर सका।

71 भाई, मैंने सोचा केवल यही तरीका है जो मैं कर सकता हूं। और मैं उठा।

72 और वह जगह जहां हम रहते थे, बहन लारसन, मैं नहीं सोचता कि वह यहां पर है, वह हमारे लिए बहुत अच्छी थी; और वे मेरे लिए यह कहना पसंद नहीं करेंगी। परंतु वे बहुत ही अच्छी थी और हम उनके कमरे में रहा करते थे, उनके पास दो अपार्टमेन्ट्स थे, एक साथ दो छोटे–छोटे अपार्टमेंट, हमने दोनों किराए पर ले रखे थे। मैं और पत्नी इधर की ओर सोते थे दूसरे वाले अपार्टमेंट में—में, जहां मैं लोगों से मिल सकता था जब भी, और वहां दो छोटे पलंग पड़े थे।

73 मैं उठा। वह अभी तक नहीं उठी थी। और थोड़ी देर बाद वह जग गई। और मैंने उसके ऊपर घुमाया और उसने पलट कर देखा, कुछ मिनटों तक पलके झपकी। मैंने कहा, "तुम्हें अच्छी नींद आई? "

बोली, "नहीं।"

74 और मैंने कहा, "मुझे... स्वप्न आया। मैं फिर उस पब्लिक सर्विस कम्पनी में था।" मैंने कहा, "मैंने क्या किया है? "

75 मुझे एक छोटे लड़के या युवा लड़के के समान याद है, मैं उन सारी लाइनों पर सेलेन इंडियाना में चला करता था, भिन्न–भिन्न... मैं भीतर जाऊंगा एक—एक नाश्ता खरद के एक हलवे का कटोरा, इस गर्म सूरज में और सब कुछ और इस नाश्ते के खाने से मैं बीमार सा हो जाऊंगा। अपने केश में दस सेन्ट वापस डालूंगा। सुपरीडेंटेड ने आकर मुझसे कहा, "तुम जानते हो उन लोगों ने क्या कहा, उस सभा में? 'यह झक्की व्यक्ति कौन है जो दस सेंट में घूम जाएगा, नाश्ते के लिए? '" कहा, "तुम्हें कम से कम दस सेंट के लिए घूमना चाहिए।" अब आप सब जानते हैं, उन दिनों में नाश्ते के लिए पच्चास सेंट बहुत होते थे।

और मैंने कहा, "भाई मैं इतना नहीं खाता।"

उसने कहा, "भाई बाकी वे सब पच्चास सेंट के लिए आते हैं।" आपको भी पच्चास सेंट में आना चाहिए।

मैंने कहा, "मैं इसका प्रयोग नहीं करता।"

कहा, "जो भी है, इसमें डालो।" वह मेरा निरीक्षक था।

76 मैंने सोचा, "भाई, मैं क्या कर सकता हूं? मुझे पचास सेंट का ही खर्चा लेना होगा, और मैं दस सेंट खाता हूं।" इसलिए मैं बाहर जाऊंगा सड़क पर और कुछ छोटे बालकों को लूंगा, जिनके पास नाश्ता नहीं है, और उनको चालीस सेंट का नाश्ता करवा दूंगा।

इसलिए मैंने सोचा, "कि क्या हो सकता है... हो सकता है, वह यही जो मेरे विरोध में हो जाए।"

77 और मुझे स्मरण है, यहां अधिक समय नहीं हुआ, वे गश्त करते हुए आए, पीछे के बाड़े को तोड़ दिया और बोले, "अपने खर्च के बिल में डाल देना।" आप जानते हैं उनको गश्त लगाने का अधिकार है, परन्तु उन्हें नुकसान के लिए भुगतान करना होगा।

78 मैंने बस पीछे कि ओर लिखा और कहा, "आपको कुछ भुगतान नहीं करना है।" मैंने सोचा, "वे उनके लिए चालीस सेंट का भुगतान कर देंगे। हो सकता है मैंने उस समय में बालकों को देने के लिए बीस या तीस डॉलर खर्च कर दिए होंगे। हो सकता है इससे हो जाएगा।" स्वप्न देखता रहा।

79 फिर वहां मेरे पास एक बड़ा पेड़ था, बालक उसके नीचे खेल रहे थे, और गश्त लगाने वाले... अब वे हेलिकॉप्टर से गश्त लगा रहे थे, और वे भीतर आए और कहा, "बिली, इस पेड़ को काटने के विषय में क्या है? "

80 मैंने कहा, "नहीं, इसे नहीं काटिये। नहीं, हम इसकी छटाई करने जा रहे हैं।" मैंने कहा, "भाई वुड और मैं इसकी छटाई करने जा रहे हैं।"

कहा, "ठीक है, मैं अभी एक व्यक्ति को लुगा जो आया है और इसे छांट देगा।"

मैंने कहा, "अब इसे ना काटे।"

वह बोला, "मैं इसे नहीं काटूंगा।"

81 मैं यात्रा पर चला गया। जब मैं वापस आया, वह मैदान में कटा पड़ा था, आप देखिए, मेरे ऊपर कानूनी कार्यवाही हुई। मैंने कहा, "प्रभु यह इसे

स्पष्ट कर देगा, मैं जानता हूं।" इसलिए मैंने उसे एक और डाल दिया है, यह ठीक था, बस इसे होने दिया, मैं अब भी स्वप्न देख रहा था।

82 उस दिन जब मैं सुबह उठा, मैंने कहा, "ठीक है... " पहली जो हम सुबह उठने के बाद करते हैं वह मिलकर प्रार्थना है फिर जब रात्रि में सोने को जाते हैं, प्रार्थना करते हैं। और तब जाकर बच्चों का नाश्ता तैयार, मैंने प्रार्थना करना आरंभ किया। मैंने कहा, "प्रभु मुझे एक बुरा व्यक्ति होना चाहिए था, मैंने जीवन में क्या किया है, मैं—मैं इस पब्लिक कंपनी से बाहर नहीं आ सकता था।"

83 मैं अंदर गया और नहाया, और बाहर आया, और ऐसा लगा, जैसे किसी चीज ने मुझ से कहा, "संभव है, मैं *उसके* कार्य पर विचार कर रहा हूं।" मैंने सोचा, "यहां लगभग पांच वर्षों से मैंने कुछ नहीं किया, बस उसकी प्रतीक्षा कर रहा हूं।"

84 उस दिन वहां खड़ा हुआ था। उन्होंने हमारे लिए एक नया घर बनाया और भाई मोसले आए, और इस विषय में बात कर रहे थे। मैंने कहा, "यह मेरे पिता की ओर से एक छोटा उपहार है।" और वह रोने लगा। मैंने कहा, "आप देखिए, उसने कहा है, 'यदि तुम अपना घरबार, भूमि, माता पिताओ को छोड़ दो, मैं तुम्हें घर भूमि, मां और इस जीवन में सौ गुना और आने वाला अनंत जीवन दूंगा।'" मैंने कहा, "देखो, मैंने वह आराधनालय छोड़ा जो मुझे बहुत प्रिय था, और अपना घर जो वहां पर था, मुझे छोड़ना पड़ा उसने मुझे वापस फेर दिया।" मैंने कहा, "देखो वह अद्भुत है।" [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] और उसने रोना आरंभ कर दिया।

85 मैंने—मैंने कहा, "मुझे यहां बाहर आना पड़ा, और स्वयं को अलग करना पड़ा कि इस रेगिस्तान में जाऊं।" और मैंने सोचा, "आश्चर्य हुआ कि क्यों परमेश्वर मुझे रेगिस्तान में लाया है, जहां सिवाए बिच्छूओ को छोड़ और कुछ नहीं है और बड़ी काली छिपकली? "

86 यह केवल रेगिस्तान ही नहीं, जो गर्म है, परंतु यह एक आत्मिक रेगिस्तान है। ओह! यहां कलीसिया में आत्मिक जीवन बिल्कुल नहीं है, वे विरोध में है... आपने ऐसे अपने जीवन में कभी नहीं देखे होंगे, यहां तक कि जाने के लिए हमारे पास कोई कलीसिया नहीं है या कुछ भी। और तब जब... लोग आत्मिक रीति से लगभग बर्बाद है, मैंने यह लोगों में देखा है, जो वहां है उनमें मतभेद देखिए, यही देख रहा हूं।

87 और इसलिए आप परमेश्वर के आत्मा के तले ठहरे रहे, और आपका जीवन मधुर कोमल हो जाता है, जैसे पानी से घास उगती है और कोमल कलियाँ। यदि... यह घास ऐरीजोना में यह नहीं उगेगी, यह पेड़ केकट्स के होंगे, यह पत्तियां बस लिपट कर कटीली हो जाती है। इसी प्रकार से यह जब आप आस–पास की कलिसिया से निराश हो जाते हैं हर कोई एक दूसरे को घात पहुंचा रहा है, आप जानते हैं, देखिए, आपको वर्षा का कोमल जल लेना ही होगा आपको कोमल कर देगा और पत्तियां बनाना और निकलने वाले यात्री के लिए छाया।

88 और इस प्रकार किसी चीज ने मुझ से कहा, "हो सकता है तुम परमेश्वर के कार्य को अवलोकित कर रहे हो।" इसलिए, मैंने दर्शन के लिए प्रार्थना करी।

89 और हाल ही में, मैडा, मेरे लिए नई बाईबल लायी; और भाई—भाई ब्राऊन वहां ओहियो से मेरे लिए एक नई बाईबल लाए, दोनों ने एक समय बड़े दिन पर मैं गया, और एक नई बाईबल ली। मैंने कहा, "प्रभु बीते दिनों में आपके पास ऊरीम थुमीम थे।"

90 अब सुने मुझे यह कहने दे। नि:संदेह, वे नहीं... यह, इस सभा को टेप नहीं कर रहे हैं, कारण मैंने कहा... यह कहते हुए, मैं कह दूं यह मत करो। यह अच्छी बात नहीं है।

91 परंतु मैंने कहा, "प्रभु, ऐसा होता था, जब एक स्वप्न देखने वाला स्वप्न देखा करता था, वे उसे ऊरीम और थूमीम के सामने ले गए और उसे बताया और यदि ऊरीम और थूमीम जवाब में रोशनी चमकाते थे, एक अलौकिक उजियाला, तो स्वप्न देखने वाला सच्चा होता था।" मैंने कहा, "परंतु वह याजक पद और वह ऊरीम और थूमीम अब जाते रहे, अब आपकी बाईबल ऊरीम और थूमीम है। प्रभु मैं ऐसा फिर कभी ना करूं। परंतु मैंने आपसे पूछा, और आपसे प्रार्थना की है कि मुझे दर्शन दे, और मुझसे इस विषय में बोले कि क्यों मुझे यह स्वप्न दिखाई पड़ता हैं और मैंने क्या किया है? यदि मैंने कोई नुकसान किया है, यदि इस संसार में मैंने किसी व्यक्ति के साथ कुछ किया है, तो मुझे बताएं, मैं—मैं—मैं जाकर इसे ठीक करूंगा। यदि पब्लिक सर्विस कंपनी का मुझ पर कुछ आता है, यदि मैंने उनके साथ कुछ गलत किया है, या किसी और व्यक्ति के साथ,

यदि मैंने आपके साथ कुछ गलत किया, तो मुझे बताएं। मैं—मैं इसे ठीक करना चाहता हूं।"

92 आइए हम इसे अब ठीक कर ले, थोड़ी देर बाद, इसकी प्रतीक्षा ना करें हो सकता है अधिक देर हो जाए। इसे अभी करें।

93 और मैंने कहा, "निश्चय ही, परमेश्वर के इस वचन, में उत्पत्ति से प्रकाशितवाक्य तक कुछ है, कोई तो चरित्र इसमें है जिससे आप व्यवहार कर रहे हैं, ठीक उसी आधार पर मेरा प्रश्न है। यदि किसी ने कुछ किया है, और—और उस विषय में आप उसके पीछे हैं, तो फिर मेरे लिए बाईबल में वही स्थान निकाले। और यदि कोई जो भी उन्होंने किया है यह मेरे आड़े आएगा जहां मैंने गलत किया है, या ऐसा कुछ जो आप मुझसे करवाना चाहते हैं या जो मैंने नहीं किया, तो मुझे वह ऐसा चरित्र बाईबल में उस प्रकार का देखने को मिले।"

94 और मैंने अपनी आंखें बंद की और बाईबल को अपने आप खुलने दिया और अपनी ऊगली उत्पत्ति 24:7 पर रखी। ऐलियाजर अब्राहम का विश्वास योग्य सेवक, बाईबल का एक आदर्श सेवक, इसहाक के लिए दुल्हन ढूंढने को भेजा गया। मैं ठंडा सा पड़ गया निश्चय ही यही मेरा... मेरे बाकी सन्देश के साथ यह ठीक है, दुल्हन को बाहर निकालना।

95 उसने कहा, "उसे शपथ दिलाई कि तू इनमें से दुल्हन नहीं लेगा, परंतु मेरे अपने लोगों में जाएगा।"

उसने कहा, "यदि वह स्त्री मेरे साथ ना आए? "

96 बोला, "तो फिर तू मेरी इस शपथ से छूट गया।" उसने कहा, "और स्वर्ग का परमेश्वर अपने दूत को तेरे आगे–आगे मार्गदर्शन के लिए भेजेगा।" वह सीधा चला गया, और प्रार्थना करने लगा और वह उस सुंदर रिबका से मिला जो इसहाक कि दुल्हन बनी।

97 एक सटीक संदेश, वचन में वापस जाकर, "उस दुल्हन को ला!" यह एक कर्तव्य है। जिसके लिए मैं यहां पर हूं। मैं यही करने का यत्न कर रहा हूं कि दुल्हन को बाहर बुलाऊं।

98 वहां कैलिफ़ोर्निया में याद है, दुल्हन के साथ साक्षात्कार का अग्रिम दृश्य, मुझे यहां मिला था, कैसे वह दुल्हन पहले आई और उसे जाते हुए देखा और फिर कुमारी अमरीका आई, कुमारी एशिया और सब, ओह,

मौडी दिखाई पड़ने वाली और फिर वही दुल्हन फिर से निकली। उनमें से एक कदमताल से हटी, और मैं उसे फिर उसी चाल पर वापस ला रहा था, ये उनमें से दो थी और मुझे यही करना था कि दुल्हन को उसी कदमताल में रखू उस मनुष्य को ढूंढा।

99 मैंने कहा, "परमेश्वर, मैं वापस घर जा रहा हूं, अपनी शपथ को फिर दोहराऊंगा, और फिर नए सिरे से आरंभ करूंगा।" इसलिए हम इस योजना पर कार्य कर रहे हैं, इसलिए मैं यहां पर हूं।

100 मैं सोचता हूं यह एक अच्छी बात होगी, यदि हमने इसे यहां किया, अगले सप्ताह 18 को आरंभ किया, अगले रविवार प्रातः अगले रविवार रात्रि, आने वाले रविवार को और अगले रविवार कितने सोचते हैं कि यह एक अच्छी बात होगी? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] धन्यवाद।

101 अब मैं चाहता हूं कि आप मेरे लिए कुछ करें। यदि आपने कुछ लोगों को नोट करवाया हो कि एक सभा अठाईस को होने जा रही है, आप उन्हें फिर से याद दिला दें कि हम इसे नहीं कर सकेंगे। बताएं, उन्हें पत्र लिख दे, या कुछ और, हम नहीं चाहते कि लोग आए और निराश हो, हमें सभागार नहीं मिल सका।

102 देखिए, हम उसे नहीं ले सके। इसलिए क्योंकि अंतिम सभा में, मैं सोचता हूं हम में से बहुत से वहां पर थे और आदि–आदि, वे बस... आप जानते हैं कि जनता कैसी है और वे... हम लोग अंत के दिनों में रह रहे हैं, बस। और वे दावा करते हैं लोग आते हैं और विद्यालय में विघ्न डालते हैं और वे वहां बहुत ही जल्दी थे और उन्होंने *यह* किया या *वह* या ऐसे ही कुछ, और वह स्थान भीड़ से ठसाठस हो गया और फायरमेन ने *यह, वह* किया और आप जानते हैं।

103 इसलिए हम उन कटोरो और उन तुरिहियो को व्यवस्थित करेंगे, मैंने आपको बताया मैं करूंगा। वे दूसरी चीजों के नीचे आते हैं। ऐसे ही कटोरे आते हैं, तुरिहियो का फूंका जाना; परंतु हम सारे कुछ को लेना चाहते हैं, सीधे–सीधे और लाना चाहते हैं, एक दूसरे से जोड़ना।

104 आप में से कितनों ने भाई वायल को पढ़ा है, इसे फिर लिखा है, और इसकी व्याकरण आदि मेरे लिए ठीक करा? आप में से किसी ने पढ़ा? आपने... आप में से दो या तीन ने। मैं सोचता हूं भाई वायल आपने बहुत बढ़िया किया है, वास्तविक कार्य में सोचता हूं बहन वायल ने किया है और

आपने बस लिखा है, वह थी, मैं सदा महिलाओं के विरोध में नहीं हूं, बहन वायल क्या मैं हूं?

105 इसलिए आईये अगले पंद्रह, बीस मिनटों के लिए हम यहां पवित्र वचन पढ़े।

106 और यहां मेरे पास एक छोटी पुस्तक है, मैं विश्वास करता हूं कि मैंने बताया यह भाई वायल के लिए थी या वह कौन था या मैं विश्वास करता हूं कि यह भाई रॉय बॉर्डर थे। भाई वायल मेरे पास यह पुस्तक लाए थे। मैं एक छोटी पाठ्यपुस्तक बनाना चाहता था।

107 परंतु यदि कभी किसी ने इसे देखा हो, जिसे कि मैं टिप्पणियां कहता हूं! मैं भोर के तारे पर प्रचार करना चाहता हूं, मैं एक सितारे का रेखा चित्र बनाऊंगा, और यदि मैंने इस विषय में कुछ प्रचार करना चाहा... मैं यहां इन सब को प्रतीको में बनाऊंगा निशानों में कोई कमी नहीं सकेगा कि यह क्या था। जब कि मैं बाहर हूं और मैं किसी भी चीज के लिए सोचता हूं मुझे सड़क पर जाना होता है, कभी–कभी कार ऊपर नीचे कूदती है, और मैं *इसे* पकड़े रहता हूं, *यह* और *वह* कहता हूं, और छोटे चिन्ह बनाता हूं, पूलों को पार करता हूं, और—और सब प्रकार की बातें। जैसा कि मैं नीचे उतरते तारे के विषय में प्रचार करना चाहता हूं, और मैं पिरामिड को रखूंगा उसका यहां रेखा चित्र बनाऊंगा, और दाऊद का पांच कोने वाला सितारा नीचे आता हुआ रखूंगा। और मैं जानता हूं कि इस प्रकार वचन में, मैं कहां जा रहा हूं; और मूसा उसने एक विशेष चीज की। और छोटी पद चिन्हों की रेखा बनाई।

108 मेरे पास उनमें से यहां बहुत से है। और मैंने सोचा, इस प्रात: मैं वहां वापस जाऊं, जब मैंने सोचा मैं इस विषय पर कुछ मिनटों के लिए बोलूंगा, एक टिप्पणी पर, हो सकता है इस पर मुझे बीस मिनट लगेंगे।

109 और फिर आज रात्रि की भाई नेविल की सभा मैं नहीं लुंगा। आज रात्रि मैं—मैं विश्राम करने वाला हूं, उन्हें सुनुगा।

110 और फिर, प्रभु ने चाहा, अगले रविवार की सुबह हम सभा आरंभ करेंगे। और आप मेरी सहायता करेंगे और हम प्रार्थना करेंगे क्योंकि यह मेरे ह्रदय में था कि यत्न करु... उन्होंने कहा, "हम लुईविल जा सकते हैं, और हम नीचे न्यू अल्बनी जा सकेंगे।" परंतु सभा जैफरसनविले के लिए होनी

थी। मैं अलग समय में लुईविल और न्यू अल्बनी जाऊंगा, परंतु इसे यहां जेफरसनविले में होना है।

111 अब आइए अपने सिरो को झुकाये, एक मिनट के लिए जबकी हम... मैं यहां आप से लगभग बीस मिनटों से बातें कर रहा हूं। एक क्षण के लिए, आइए हम उससे बात करें।

112 प्रभु यीशु, निश्चय ही हम—हम लोग धन्य है, अपने विचारों से ऊपर, अपनी समझ से ऊपर। क्योंकि यदि हमारे मध्य में महान है, जैसे कि कोई व्यक्ति किसी दूसरे राष्ट्र से, या एक किसी प्रकार का राजनितिज्ञक, हम यह सोचेंगे कि ऐसा महान व्यक्ति हमारे मध्य में है, यह महान बात है। परंतु आज हमारे मध्य में स्वर्ग का परमेश्वर है, केवल हमारे मध्य में ही नहीं, परंतु हम में निवास कर रहा है, अपने जीवन को हमारे द्वारा जी रहा है और प्रभु हम इसके लिए इतने धन्यवादित हैं, निश्चय ही यह हमारी समझ से परे है।

113 परंतु इस पर बोलते हुए कि सेवाएं क्या है, और अफ्रीका जा रहे हैं और आदि–आदि कि हमने कुछ दिनों के लिए यहां इन्डियाना में व्यवस्थित किया है और जैसे भी है, प्रभु यह आपका हमें आगे बढ़ाना हो सकता है, उस तम्बू की तरफ कि उस दर्शन को पूरा करें। इसलिए कि तेरी इच्छा पूरी हो, हमने इसे इस ओर समर्पित किया है, अपनी सबसे अच्छी समझ में होते हुए, इसलिए प्रभु हम प्रार्थना करते हैं, यदि कोई चीज आपकी इच्छा के विरुद्ध हो तो आप उसे हम पर प्रगट करें कि आपकी सिद्ध इच्छा को करें।

114 अब हमें अगले कुछ मिनटों में आशीषित करें, प्रभु हम से अपने वचन के द्वारा बातें करें क्योंकि तेरा वचन सत्य है हम यह यीशु के नाम में होकर मांगते हैं। आमीन।

आइए अपनी–अपनी बाईबलो में निकालें मरकुस का आठवां अध्याय।

115 आप लोग प्राय: किस समय निकलते हैं बारह बजे? [कोई कहता है, "लगभग बारह बजे"—सम्पा।] ठीक है, अब यहां एक छोटा सा संदेश जिससे मैं आपसे वचन के विषय में बात करूंगा, इस बात की गवाही के बाद और आदि।

116 मरकुस का आठवां अध्याय 34 वे पद से आरंभ करें 38 वे तक, 38 को लेते हुए उस बाकी अध्याय को, जो उसने कहा मैं उसे पढ़ना पसंद करता हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि यह सत्य है। अब हम...

> *उस ने भीड़ को चेलो समेत पास बुला कर उनसे कहा जो कोई मेरे पीछे आना चाहे, वह अपने आप से इन्कार करें और अपना क्रूस उठा कर मेरे पीछे हो ले।*
>
> *क्योंकि जो कोई अपना प्राण बचाना चाहे वह उसे खोएगा... पर जो कोई मेरे और सुसमाचार के लिए अपना प्राण खोएगा, वह उसे बचाएगा।*
>
> *यदि मनुष्य सारे जगत को प्राप्त करें, और अपने प्राण की हानि उठाएं तो उसे क्या लाभ होगा?*
>
> *और मनुष्य अपने प्राण के बदले क्या देगा?*
>
> *जो कोई इस व्यभिचारी और पापी जाति के बीच मुझसे लज्जायेगा, मनुष्य का पुत्र भी जब वह पवित्र दूतों के साथ अपने पिता की महिमा सहित आएगा, तब उससे भी लज्जायेगा।*

117 मैं इसमें से एक मूल पाठ लेना चाहता हूं यदि इसे यह कहा जाए तो: *लज्जित* कहे। आप जानते हैं, मैं इसे पसंद करता हूं। "जो कोई भी मुझसे लज्जाया और मेरे वचनों से, मैं उससे लजाऊगा।"

118 अब शब्द *लज्जित* को "घबरा जाना" भी अनुवाद कर सकते हैं। आप जानते हैं कुछ जो आप... कि आपका सामना किसी चीज से हुआ और आप घबरा गए, लज्जित हो गए।

119 ये दूसरी बात कि लज्जित हो रहे है, यह ये दर्शाता है कि आप जिस विषय में बात कर रहे थे, निश्चित नहीं है, यदि आप जानते हैं कि आप क्या बात कर रहे हैं। और आप निश्चित है, कि आप क्या बात कर रहे हैं, आप यह किसी को भी बता सकते हैं; आप लज्जित नहीं है, यदि आपको घबराहट लगती है की जगह से अलग है, तो यह दर्शाता है कि आप निश्चित नहीं है।

120 आप ध्यान दें, आज यह बहुत ही विशेषकर इस विषय पर जिस पर मैं बोल रहा हूं "*वचन से लज्जित*" अब वह और वचन एक ही है।

> *आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था और वचन परमेश्वर था*

और वचन देहधारी हुआ और हमारे बीच रहा... कल, आज और सर्वदा तक एक सा है।

121 इसलिए, "जो कोई मुझसे और मेरे वचन से लज्जायेगा," और वह और उसका वचन एक ही है, इसलिए उसके वचन से इस पापी और वर्तमान पीढ़ी सिर में लज्जित होना, "मैं उससे लज्जित होऊंगा।"

122 अब आज हम ध्यान देते हैं, यदि कोई कहता है, "क्या—क्या आप मसीही है?" यह बहुत ही आम बात है। कहते हैं, "ओह, मैं मसीही हूं।" समझे?

123 परंतु क्या आप परमेश्वर के वचन पर विश्वास करते हैं, जहां यह कहां है, उनके जो विश्वास करते हैं, यह चिन्ह होंगे?

124 "ओह!" यहां तक कि सेवकों के चेहरे लाल हो जाएंगे। देखा?

125 क्या आप दिव्य चंगाई कहते हुए लज्जित हुए? क्या आप संपूर्ण सुसमाचार से लज्जित हुए? क्या आप अपने पेंटीकोस्टल के अनुभव से लज्जित हुए? यह उसके वचन से लज्जित होना है। यह उसका वचन आप में देहधारी हुआ।

126 इसलिए उसके वचन को स्वयं में हर पीढ़ी के लिए जीना है। यह स्वयं में मूसा के दिनों में जीया। क्योंकि उस दिन में बाईबल इब्रानियों के पहले अध्याय में कहा, "परमेश्वर ने बीते समयो में बाप दादो से थोड़ा–थोड़ा और भांति–भांति से भविष्यवक्ताओं द्वारा बातें की।"

127 और वे भविष्यवक्ता और कलीसिया इतनी अधिक मार्ग से भटक गई जब... वे भविष्यवक्ता, वे परमेश्वर के निर्भिक संदेशवाहक बिना कलीसिया के आए, बिना नामधारी के, बिना संगठन या किसी चीज के, राजाओं, राज्यो कलीसियाओ और हर चीज को चुनौती दी। जब याजक लोग सामने लाए गए... वे याजको के सामने लाए गए, वे लज्जित नहीं थे, क्योंकि उनके पास सीधा **यहोवा यों कहता है** था।

128 यदि आप ध्यान दें कि भविष्यवक्ता वचन के एक अर्थ में पुराने नियम में, जब उसने कहा **यहोवा यों कहता है**, अब उस पर ध्यान दें, वह भाषा शैली में परमेश्वर का स्थान ले रहा होता था। आप ध्यान दें, जब वह उसके सामने **यहोवा यों कहता है** रखता है वह परमेश्वर में हो जाता है

और परमेश्वर के समान व्यवहार करता। तब वह अपना संदेश देता, जो कि परमेश्वर उसके द्वारा बोल रहा था "**यहोवा यों कहता है**!"

129 मैं पुराने नबियों के विषय में सोचता हूं, जब वे उस संदेश के साथ आते और यह राजाओं को घबरा देता और यह लोगों को बेचैन कर देता। यहां तक कि याजक भी, वे भी परेशानी का अनुभव करते, क्योंकि वे अगुवा समझे जाते थे, धार्मिक मनुष्य और जब वे... और वचन इस प्रकार से आता कि उन्हें प्रगट कर देता, और वे घबराहट अनुभव करते याने लज्जित।

130 और बहुत सी बार हम देखते हैं, बहुत सारे नहीं, आज अक्सर आप कहते हैं वह पुरुष आप कहते हैं, "मैं एक मसीही हूं!"

"क्या जब से तुमने विश्वास किया आपने पवित्र आत्मा पाया? "

"ओह!" आप देखिए, वे इस विषय में परेशान हो जाते हैं।

131 कोई कहता है, "क्या आप उस झुण्ड से हैं जो वहां चिल्लाते हैं और दिव्य चंगाई जैसी चीज? " बहुत सी बार, मसीही पीछे हट जाते हैं।

132 वे यह बताना चाहते हैं, यदि—यदि वे नामधारी कलीसिया से है कि "मैं बैपटिस्ट हूं, मैं प्रेसपिटेरियन हूं, मैं लूथरन हूं।" वे इससे लज्जित नहीं होते।

133 परंतु जब यह आता है कि मसीही होने के नाते जो परमेश्वर का वचन है, उसे वैसा ही ले सकता है, तब वे—वे—वे लज्जित होते हैं। "मैं किसी भी नामधारी कलीसिया से नहीं हूं," वे—वे वह कहने के लिए लज्जित हुए, उन्हें तो बाकी संसार के समान होना है किसी संगठन के प्रतिनिधित्व के द्वारा।

134 यह अभी हाल ही इसमें आया है, लूथर के दिनों में, अपनी पहचान एक लूथरन के समान करवाना या लूथर के अनुयायी, ये तो कैथोलिक कलीसिया के द्वारा लगभग मृत्यू हुई थी। वैसली के दिनों में, यह मालूम पड़ना कि आपने अंग्लिकन कलीसिया को चुनौती दी थी, यह तो लगभग अंग्लिकनस के द्वारा मृत्युदंड था, यह घोषणा करना कि आप एक मैंथोडिस्ट है। पेंटीकोस्टल के दिनो में यह तो लगभग लज्जा की बात थी कि—कि आप एक पेंटीकोस्टल है, क्योंकि आप एकदम पवित्र शोर करने वाले गिने जाते हैं या—या कोई भाषा बोलने वाले या कुछ इसी प्रकार के। अब वे संगठित हो गए, और बाकी झुंड के साथ हो गए।

135 अब जब बाहर बुलाहट का समय आता है कि आप इनमें से किसी से भी नहीं है, यह कहना आम हो गया। अब जब बाहर बुलाहट का समय आता है कि आप इनमें से किसी से भी नहीं यह कहना आम हो गया है कि मैं एक पेंटीकोस्टल हूं, यह कहना आम हो गया कि मैं प्रेसपिटेरियन लूथरन हूं। परंतु तब क्या जब उस समय पर आते हैं कि आपको वचन का पक्ष लेने के लिए बाहर आना ही पड़ेगा मैं इनमें से किसी से भी नहीं हूं? यह परेशानी है।

136 यीशु ने कहा, "अब यदि तुम मुझसे लज्जित होओगे, तो मैं तुमसे लज्जित होऊंगा।" वह आपसे क्यों लज्जित होगा? क्योंकि आप उसका होने का दावा करते हैं, जब कि आप उसका अनुकरण नहीं करते।

137 क्या हो यदि मैं कहूं, "यह छोटा लड़का, वो—वो मेरा पुत्र है"; वह पलट कर कहे, कौन, "मैं आपका बेटा? आप मुझे क्या सोचते हैं!" यह मुझे परेशान कर देगा। ये आपके पुत्र को कर देगा।

138 और इस प्रकार से आज कहलाने वाले मसीही, यदि आप इसे एक नामधारी नाम दें, ठीक है, वे नामधारी कलीसिया का पितृत्व स्वीकार करते हैं, परंतु जब यह परमेश्वर के वचन का पितृत्व स्वीकार करने की बात आती हैं, मसीह, नहीं वे परेशान हो जाते हैं। वे यह नहीं कहना चाहते कि, "हां, मैंने भाषाएं बोली है। हां, मैंने दर्शन देखे हैं। हां, मैं दिव्य चंगाई में विश्वास करता हूं। हां, मैं प्रभु की प्रशंसा करता हूं। मैं सारे संगठनों से आजाद हूं। मैं इनमें से किसी के सामने सिर नहीं झुकाता। मैं मसीह का दास हूं।" ओह, यह उनको टुकड़े–टुकड़े कर देता है।

139 उस रात्रि, एक बड़ा वक्ता शिकागो के फुल गोस्पल बिजनेसमैन में आया।

140 इसे कहने के लिए क्या मैं एक मिनट के लिए रुक सकता हूं। आप मुझे क्षमा करें। परंतु बहुत सी बार आप सोचते हैं मैं भी सोचता हूं जिस विषय में हम बातें कर रहे हैं, बाईबल की सच्चाई लोगों के मध्य में नहीं जाती, परंतु यह जाती है। कभी–कभी वे सीधे–सीधे इसके विरोध में होते हैं परंतु वास्तव में उनका यह मतलब नहीं होता वे जानने का यत्न करते कि आप कहां खड़े हैं।

141 जैसे पियक्कड़ो के झुंड के विषय में एक कहानी है इस बात पर बहस कर रहे थे कि मसीहा जैसी कोई चीज नहीं थी, एक व्यक्ति ने कहा, "मैं जानता हूं, एक है, वह मेरी पत्नी है।"

कहा, "भाई, मैं—मैं इसका विश्वास नहीं करता।"

कहा, "चलो, हम... आओ हम ऐसा व्यवहार करें, जैसे हमने वास्तव में पी रखी है।"

142 घर गए और हर वह कार्य जो वे कर सकते थे किया। और—और उनसे कहा कि उनके लिए कुछ अंडे बना दे, और फिर उन्होंने उन्हें फर्श पर फेंक दिया और कहा, "इस प्रकार अंडा बनाने से तुम अधिक अच्छा जानती हो!" और घर में यह चलता रहा। और वे दूसरे कमरे में चले गए और जाकर कुर्सी पर गिर पड़े, उन्होंने सुना कि कोई दूसरे कमरे में सफाई कर रहा है, कोई शब्द नहीं कह रहा है, स्वयं ही के लिए एक गीत गा रही है।

क्या यीशु को अकेले ही क्रूस उठाना चाहिए,
और सारा संसार स्वतंत्र हो जाए?
प्रत्येक के लिए एक क्रूस है
और एक क्रूस मेरे लिए है

और यह पवित्र क्रूस मैं उठाऊंगा
जब तक यह मृत्यू मुझे स्वतंत्र ना कर दें,
और फिर एक ताज पहिनने घर को जाऊंगा।

143 उस पुराने पियक्कड ने कहा, "मैं तुम्हें क्या बताऊंगा? " बोला, "यह एक मसीही है!" देखिए, वे उसे परख रहे थे। और कभी–कभी मैंने पाया कि संसार आपको जांचता है।

144 इसलिए मैंने कभी नहीं सोचा कि यह घटित होगा, परंतु गत शनिवार रात्रि में विश्वास करता हूं, यह रविवार रात्रि थी, वह महान वक्ता... मेरा उद्देश्य लोगों का नाम लेना नहीं। परंतु वह ठीक इसके विपरीत यत्न कर रहा था। मैं तो कलीसिया को संगठित अभियान से अलग करने का यत्न कर रहा हूं, और वह व्यक्ति उन्हें उसमें मिलाने का यत्न कर रहा था। वह क्रिश्चन बिजनेस मैन के लिए बोल रहा था जिसकी मैंने शिकागो में सभा लेनी थी और मैंने सोचा उस समय मैं अफ्रीका में होऊंगा इसलिए मैं उसे ना ले सका। यह व्यक्ति वहां खड़ा हुआ और बोला, "एक महान आंदोलन, पृथ्वी पर, अब जो सबसे बड़ी बात जो कभी हुई, कि सारी कलीसियाये

वापस कैथोलिक कलीसिया में फिर जा रही है, उस संगठन आंदोलन में और कैथोलिक लोग पवित्र आत्मा पाएंगे।" शैतान की क्या ही चाल है!

145 और यह अगुवा भाई शेकेरियन, इंटरनेशनल बिजेनस मैन का अध्यक्ष खड़ा हुआ, और बोला, उस व्यक्ति के बैठने के बाद, कहा, "हमने इस प्रकार से नहीं सुना।" कहा, "भाई ब्रन्हम ने हमें बताया है, 'यह एकता वर्धक प्रभाव उन्हें सबको पशु की छाप में ले जाएगा।'" और वह व्यक्ति मंच पर बैठा था। कहा, "यह इसे पशु की छाप में ले जाएगा।" और कहा, "जो उसने कहा है, हम उसका विश्वास करते हैं कि सत्य है।" [सभा में से कोई "आमीन" कहता है ऐसे ही हम सम्पा] और उसने कहा, "कितने आप लोगों में से सुनना चाहते हैं कि भाई ब्रन्हम आए और इसका सच्चा पक्ष आपको दे? उठाए।" और वहां पांच हजार कुछ थे। वे चिल्लाए, और जोर से पुकारा एक दिन के लिए तो आए, एक दिन।

146 भाई कार्ल विलियम्स ने मुझे बुलाया कहा, "भाई ब्रन्हम, लड़का, मैं उस भीड़ में से होकर निकला," कहा, "उनके सौ डॉलर के नोटों का ढेर मेरे हाथों में रखा है कि आपके लिए आने जाने का हवाई जहाज का टिकट लू," देखिए, एक दिन के लिए!

147 देखिए, वे लोग, वचन अंदर बैठ रहा है, जब कि कभी–कभी हम इसे नहीं जानते। समझे? परंतु देखिए जब आप वास्तव में... कोई मतलब नहीं संसार इसके विरोध में कितना है, नामधारी इसके विरोध में कितने हैं, परमेश्वर इसे सत्य प्रमाणित कर रहा है। जब कि अंततः वह महान घड़ी प्रभावित कर रही है चीजें घटित होगी, हो सकता है, हम उसके विषय में सोचें भी ना।

148 जी हां, यह ये दर्शाता है कि आप निश्चित नहीं है। यदि आप परेशान है, इसलिए आप बजाए इस विषय पर विचार विमर्श करें यदि आप इसके लिए लज्जित होने जा रहे हैं तो आप विचार–विमर्श नहीं करना चाहेंगे; शांत रहेंगे।

149 परंतु कैसे हो सकता है कि एक मनुष्य पवित्र आत्मा से भरा हुआ, कैसे एक मनुष्य जो परमेश्वर की सामर्थ से भरा हुआ है, और परमेश्वर का प्रेम उसके हृदय में है, एक मनुष्य से चंद मिनट बात करता है, और जो प्रेम उसके हृदय में है उसका उल्लेख ना करें? देखिए, यह—यह कुछ हुआ है; आप यह नहीं कर सकते।

150 यह है, बुरा दिन होना चाहिए, जो यीशु बोल रहा था। लोग वचन के लिए लज्जित हुए, और परमेश्वर का आत्मा जो उनमें कार्य कर रहा है, जबकि सत्य लोगों को साफ स्पष्ट है, तब परमेश्वर स्वयं, स्वयं को वचन के द्वारा प्रगट कर रहा है।

151 अब कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का दावा कर सकता है, और इन दिनों में यह हमारे साथ है जहां कि बहुत से दावे किए जा रहे हैं, यह–यह भयानक है। परंतु आप देखिए, यदि कोई सत्य है, यह वचन के द्वारा ही होना चाहिए। क्योंकि वे कहते हैं उनके पास बहुत प्रकार की बातें हैं, तेल कि लोगों में बह रहा है, और उनके हाथों से लहू, इस लहू के लिए स्त्रिया उनके पक्ष में है और उनके जूतों तक बह रहा है, और अपने जूते उठाते हैं, और तेल पलटते हैं, और मेंढक निकल कर मंच पर उछलते हैं, और इस प्रकार की सब बातें। और ऐसी कोई बात बाईबल में नहीं है, बाईबल में इस प्रकार की बातों की कोई प्रतिज्ञा नहीं है, केवल यह कहा है, कि, "अंत के दिनों में आत्मा इतना समीप होगा, कि यदि हो सके तो चुने हुओ को भरमा दे।" परंतु इसके लिए कोई लेख नहीं है।

152 परंतु जब यह मूल और परमेश्वर के शुद्ध वचन पर आता है, परमेश्वर द्वारा पुष्टी किया हुआ, यह यहां तक कि दूसरे झुंड लज्जित करता है, उस मूलभूत पर। देखिए, इस विषय में एक लज्ज़ा है।

153 परंतु यह एक पुरुष या स्त्री, लड़के या लड़की के जो वास्तव में एक सच्चे मसीही है, यह एक वास्तविकता है। जब परमेश्वर ने पवित्र आत्मा के बपतिस्मे की प्रतिज्ञा की है, और आप इसे पाते हैं, तो कुछ ऐसा है जो आपमें इसे तय कर देता है कि इसका स्थान कोई और चीज नहीं ले सकती। जब कभी एक मनुष्य परमेश्वर से मिलता है; किसी भावनात्मक कार्य पर नहीं, किसी भावनात्मक कार्य पर नहीं, किसी जोश या किसी धार्मिक शिक्षा, किसी मतसार या एक सिद्धांत जो उसने अपने ही आराम के लिए स्वीकार किया हो, परंतु जब वह वास्तव में ऐसी स्थिति में पहुंचता है, जैसे मूसा आया रेगिस्तान के पिछवाड़े, सर्वशक्तिमान परमेश्वर के आमने सामने चला, और आप देखिए आवाज आप से बातें कर रही है, ठीक इस घड़ी की प्रतिज्ञा के साथ, यह आपके अंदर कुछ करती है! देखिए, आप इससे लज्जित नहीं होते यह आप में कुछ करती है। अब, आईये अब हम इसे अगले पंद्रह मिनटो के लिए देखें।

154 कुछ लोग हैं, जिन्हें ऐसा अनुभव होता है। और जैसा आज मैंने आपसे कहा, एक कलीसिया या एक नामधारी के समान नहीं, मैंने आपसे व्यक्तिगत कहा है; इसलिए नहीं, क्योंकि आप इस आराधनालय में आये हैं, इसलिए क्योंकि मैं आपसे और आप मुझे मुझसे प्रेम करते हैं, इस कारण से नहीं, मैं आपको मरणहार के समान बता दू कि किसी दिन आपको जीवन के अंत में आना होगा। और मैं वहां नहीं होऊंगा, और कोई दूसरा प्रचारक वहां नहीं होगा, केवल एक ही होगा जो आपसे वहां मिल सकता है और वह परमेश्वर है। और आप—आप इसे सुने और ना कि "मेरी पत्नी अच्छी मसीही है," या—या "मेरा पति अच्छा मसीही मसीही है," परंतु, "क्या मैं परमेश्वर के साथ ठीक हूं?" क्या मैं परमेश्वर से ऐसे मिला? ना कि "मेरा पास्टर परमेश्वर से मिला है," या "मेरा डिकन परमेश्वर से मिला है," परंतु, "क्या मैं परमेश्वर से मिला हूं?" इसलिए नहीं क्योंकि "मैं चिल्लाया हूं" इसलिए नहीं क्योंकि "मैंने अन्य भाषाये बोली है," परंतु इसलिए, "क्योंकि मैं उससे एक व्यक्ति के समान मिला हूं!" तब आप उससे कभी भी लज्जित ना होंगे, क्योंकि कुछ इतना सिद्ध और शुद्ध और सच्चा है।

155 और स्मरण रखें, आप एक आत्मा से मिल सकते हैं, जो परमेश्वर के समान व्यवहार करें, आप एक आत्मा से मिल सकते हैं, जो *यह वह* या *आदि–आदि* करेगा; कुछ दूर उसके साथ चले और देखें कि यह परमेश्वर के आत्मा के वचन की तुलना में कैसा है। आप आत्मा से मिल सकते हैं, तो आपको बताएगी कि आप बचे हुए हैं, आपको बहुत महिमामय अनुभूति दे और आप चीखे–चिल्लायेगे; और जब यह परमेश्वर के वचन के इन्कार पर आती है, कैसे पवित्र आत्मा जिसने वचन लिखा है, अपने ही वचन को इन्कार करे? वह आत्मा परमेश्वर की हर प्रतिज्ञा पर "आमीन" करेगा! यदि ये नहीं है तो आप परमेश्वर से कभी नहीं मिले, आप धोखे की आत्मा से मिले और आज संसार इससे भरा पड़ा है।

156 परंतु जब आप देखते हैं कि परमेश्वर नीचे उतरा और एक बयान या कथन दिया कि वह एक विशेष चीज करने जा रहा है, तब वह वापस आकर और उसे करता है, बार–बार, बार–बार इस बार, तो आपके पास परमेश्वर का सच्चा आत्मा है।

157 कैसे एक आत्मा मनुष्य पर हो, वह पवित्र आत्मा जिसने बाईबल लिखी है, और पलट कर उसका इन्कार करे, "यह ठीक नहीं है, यह तो किसी

और दिन के लिए है"?

158 उसने कहा, "यह प्रतिज्ञा तुमसे और तुम्हारी संतानों और दूर–दूर जिनको हमारा प्रभु परमेश्वर बुलाएगा।" यह प्रेरित 2:38 है। तो कैसे आत्मा कोई और चीज स्वीकार कर सकती है, जो इससे भिन्न हो और परमेश्वर का हो, जबकि इब्रानी 13:8 ने कहा, "यीशु मसीह कल आज और सर्वदा एक सा है"?

159 क्या हो यदि कोई कहे, "ओह, मैं विश्वास करता हूं कि वह एक ज्ञानी था। वह एक भला मनुष्य था। वह एक नबी था। परंतु जहां तक उसकी सामर्थ... "

160 उस रात्रि जोर्ज स्मिथ से बाते कर रहा था, वह लड़का जो मेरी लड़की रिबिका के साथ जाता है; एक अच्छा बालक यहां आराधनालय में एक रोड़ा। एक बैपटिस्ट लड़का जिसने हाल ही में लिया है... बताया, "मेरा नाम उस चीज में से हटा दो! मैं उसके साथ कोई वास्ता नहीं रखना चाहता।" और वहां एक युवा महिला थी... उनका एक सम्मेलन था, यहां किसी विशेष बैपटिस्ट कलीसिया में वहां ऊपर पहाडो पर।

161 और—और वे मेरे बहुत ही विरोध में थे, वहां सारे के सारे... उन्हें मेरे विरोध में कुछ नहीं मिला, ये इस वचन के विरोध में। मुझे, एक मनुष्य के समान, वे मेरे विरोध में कुछ ना कह सके, मैंने उनको कभी कोई हानि नहीं पहुंचाई, बस *यही* जिससे वे डरते थे। समझे? अब हम...

162 वहां उनकी यह सभा थी अंतिम तीन रात्रियो की सभा के लिए, वे मिशनरियों को ले गए, इस महान सम्मेलन में, ऊपर पहाड़ों पर जहां ठंडा था। ऐसा हुआ ये मिशनरी वहां पहुंचे और मरकुस 16 पर आ गए, और उसने कहा, "आज बहुत से लोग हैं जो दिव्य चंगाई का विश्वास नहीं कर सकते।" कहा, "मैं भारत में था। मैं एक भारतीय हूं। मैं भारत में था, जब एक व्यक्ति यहां संयुक्त राज्य से भाई ब्रन्हम नाम का आया।" पास्टर आगे बढ़ने लगा, बोला, "मेरी पत्नी कैंसर से मर रही थी, मैं अंधा था," या कुछ ऐसी ही। "उसने हम में से एक के लिए प्रार्थना की, और दूसरे वाले को उसने मंडली में से पुकार यहां तक की हमारी भाषा भी नहीं जानता था, और परमेश्वर की सामर्थ बोली।" और कहा, "हम जो यहां है, चंगे हो गए!" वे उसे चुप कराना चाहते थे, वे ये नहीं कर सके, देखिए, यह ठीक उनके अपने सम्मेलन में।

163 तब वे किसी भी चीज का इन्कार कर सकते थे। उनमें से कुछ लोग, यहां तक के मेरे... इस लड़के की बहन वहां मैदान में। वे इसके विषय में कुछ ना कह सके वे जानना चाहते थे, कि यदि ये जुड़े हुए नहीं थे, किसी प्रकार जानने के लिए नीचे आये।

एक महिलाओं में से बोली "भाई मैं इसका विश्वास करती हूं।"

164 रिबिका और जॉर्ज इस महिला से मिलने को गए। और वह गई और एक लड़की को लेकर आई जो एक—एक... प्रकार से मंदबुद्धि रोगी थी, एक छोटी लड़की, इसलिए वे मुझ से वहां मिलने को आये कि दूसरी रात्रि लड़की को देखू। और मैं वहां गया, वह महिला वहां बैठी थी, और मैंने कहा, "क्या आप विश्वासी है? "

165 उसने कहा, "नहीं, मैं नहीं जानती की मैं हूं या नहीं।" वह मंद बुद्धि नहीं थी; बस एक शैतानी आत्मा। वे इसे अनुभव नहीं कर पाये, देखिये, ये आप पर कब्जा कर लेती है, और आप यह नहीं जानते तब उपद्रव उन लोगो पर आता है और वे यह नहीं जानते।

166 स्त्रियां जो सड़कों पर चलती फिरती है, उन छोटे कपड़ों को पहने हुए और महसूस नहीं करती। वे हो सकता है, वे इसे सिद्ध करें और इसकी शपथ खाये कि उन्होंने अपने पति के विरोध में कभी बुरा नहीं किया या आदि–आदि जो भी हो इस प्रकार का हो। परंतु वे अपने ह्रदय में यह अनुभव नहीं कर सकती कि उन्हें शैतानी आत्मा ने पकड़ रखा है, वे इससे ग्रस्त है। क्योंकि एक स्त्री अपने कपड़े उतारे, पुरुष के सामने उतारे, बाईबल में केवल एक पुरुष ने ऐसा किया और वे पागल थे। दूसरों ने स्वयं को ढकना चाहा वे महसूस नहीं करते, यह इतना चालाक, इतना धूर्त! आपको ध्यान देना पड़ेगा, स्वयं को परमेश्वर के वचन के साथ तौले और देखे कि आप कहां पर खड़े हैं।

167 इस युवा महिला ने कहा, "ओह, इन्होंने मुझे बताया कि जब मैं छोटी थी मेरा बपतिस्मा हुआ था," कहा, "मैं नहीं जानती कि इस चीज का विश्वास करूं या नहीं।"

मैंने कहा, "क्या आप यीशु मसीह पर विश्वास करती है? "

168 और उसने कहा, "मैं नहीं जानती कि मैं करूं या ना करूं।" उसने कहा, "यह कुछ उल्टा सीधा मामला, मैं इसका विश्वास नहीं करती।"

169 मैंने कहा, "भाई ठीक है आप बेकार की बातों का विश्वास नहीं करती।" मैंने कहा "परंतु क्या आप विश्वास करती है कि वह परमेश्वर का पुत्र था? "

"ओह," कहा, "वह हो सकता है।"

170 मैंने कहा, और मैंने कहा, "क्या आप विश्वास करते हैं कि वह आज वैसा है, वह परमेश्वर जिसने आपको बताया होगा? "

171 वह बोली, "यदि इस विषय में ऐसी कोई चीज है कि आश्चर्य कर्म है और इस प्रकार की चीजें? मैं इस विषय में कुछ विश्वास नहीं करती।"

172 और मैंने कहा, "तुम क्या करोगे, यदि तुम किसी सभा में बैठे हुए और परमेश्वर को देखते, पवित्र आत्मा, जो कि केवल परमेश्वर है, लोगों के माध्यम में कार्य कर रहा है; परमेश्वर पितृत्व में, अग्नि स्तम्भ, और भविष्यवक्ता परमेश्वर अपने पुत्र में, तब परमेश्वर अपने लोगों में? यह परमेश्वर के बस गुण है, वह महान परमेश्वर जो सारी अनंतता को ढांके हुए हैं।" मैंने कहा, "तुम क्या देखोगे, यदि वह अपने लोगों के मध्य में है, अंधे को दृष्टि, बहरे को कान, भक्त मंडली की ओर देख कर लोगों को बताता है कि उसके साथ क्या गड़बड़ है, जैसे उसने तब किया जब वह इस पृथ्वी पर था? "

वह बोली, "मैं विश्वास करती हूं कि यह राशि चक्र होगा।"

173 मैंने कहा, "जैसा मैंने सोचा था, आपकी दशा उससे अधिक खराब है, ज्यादा अच्छा होता यदि आप सनकी होती, आप गिनी नहीं जाती।" परंतु मैंने कहा, "आप बस प्रेत आत्मा से जकड़ी हुई है।" मैंने कहा, "जब यीशु ने उस स्त्री को कुए पर उसके पतियों के विषय में उसको बताया, जब उसने लोगों की ओर देखा, और उनके विचारों को जान लिया। क्या आप उसे राशि चक्र कहेगी? " देखिए, नामधारी इतनी विलीन थी, लूथरन कहलाई कि उसके विरोध में कुछ भी हो वह गलत है!

174 अब परमेश्वर ऐसा व्यक्ति चाहता है, जो वचन से भरा हुआ हो, उसके विरोध में कुछ जो है वह गलत है! यीशु ने कहा, "हर मनुष्य का वचन झूठा, और मेरा सच्चा ठहरे।"

175 वैज्ञानिक युग में एक मनुष्य था, जिसका नाम नूह था। वह परमेश्वर के वचन से कभी भी लज्जित नहीं हुआ, परमेश्वर उससे मिला, और उसने उससे बातें की। वह जान गया कि वह परमेश्वर था। और उसने कहा, "वर्षा

होने जा रही है!" कभी भी वर्षा नहीं हुई थी, परंतु उसने विश्वास किया कि वर्षा होने वाली है। और जो विश्वास उसमें था वह उसका अभ्यास करने से कभी भी लज्जित नहीं हुआ। उसने नाव बनाने के लिए 120 वर्ष लिए, जब संसार उसके विरोध में था, वह अपने दिन में परमेश्वर के वचन से लज्जित नहीं हुआ। परमेश्वर ने उसे और उसके घराने को बचाया। वहां एक था... दूसरे लोगों को यह कितना मूर्खता पूर्ण लग सकता होगा; परंतु उसके लिए वह परमेश्वर से मिला था इससे कोई मतलब नहीं कि दूसरे किसने विज्ञानी थे वह एक विरोध, कैसे यह कहा, "यह नहीं हो सकेगा, ये नहीं हो सकेगा।" वह परमेश्वर से मिला था!

176 यह वही है जब आप जानते हैं कि आप उससे बात कर रहे हैं। आप सोचेंगे कि यह मूर्खता की सी बात होगी जब कोई... जब मैं जानता हूं, इस संसार में थोड़े ही लोग होंगे जो इस पर निर्भर करेंगे कि जो मैं कहता हूं वह सत्य है। यहां खड़े होकर कहते हैं, "**यहोवा यो कहता है,** मैं ऐरीजोना जा रहा हूं, वहां मैं सात स्वर्गदूतो के झुंड से मिलुगा," कुछ पुरुषों का झुंड है जब यह घटित हुआ तो वे वहां खड़े थे। दूसरी रात्रि यह कह रहा था, "लॉस एंजेल्स समुद्र में गिर जाएगा।" परंतु जब आप परमेश्वर से मिले हैं जो असफल नहीं होता, वह परमेश्वर जो ठीक वही करता है जो उसने कहा है वह करेगा, उसने सदा वही किया तो फिर आप लज्जित नहीं होते। आपको पीछे पलटना नहीं होता, और इस विषय में परेशान हो आप सारे संसार को बता सकते हैं। जब एक व्यक्ति परमेश्वर से मिलता है, उससे बात करता है, और परमेश्वर की सच्चाई उसके ह्रदय में आ जाती है तो इससे लज्जित नहीं होता।

177 नूह लज्जित नहीं हुआ। यह सारे संसार को मूर्खता लगी पर उसे नहीं।

178 मूसा जब फिरौन के सामने था, तो वह फिरौन को यह बताने से कि ये अमुक–अमुक बातें घटित होगी ना लज्जाया, क्योंकि वह परमेश्वर से मिला था, परमेश्वर ने उसे जलती हुई झाड़ी में बताया था। मूसा ने कहा, "मैं–मैं हकला हूं।" यह उसके साथ था कि वह अटक–अटक कर बोलता था।

179 उसने कहा, "हारून आता है। तू उसके लिए परमेश्वर होगा और वह तेरा भविष्यवक्ता। मैं जानता हूं, वह अच्छी तरह बोल सकता है। परंतु मैं तेरे मुख के संग होऊंगा, किसने मनुष्य को बोलना सिखाया? " आमीन। मुझे

यह अच्छा लगता है। यह परमेश्वर है। "किसने मनुष्य को बहरा या गूंगा बनाया किसने मनुष्य को बोलना सिखाया? " परमेश्वर ने।

उसने कहा, "प्रभु मुझे अपनी महिमा दिखा।"

कहा, "तेरे हाथ में क्या है? "

उसने कहा, "यह एक छड़ी है।"

180 कहा, "इसे भूमि पर फेक दे," यह सर्प में बदल गई। कहा, "इसे फिर से उठा ले," यह फिर से घड़ी में बदल गई। आमीन। वह परमेश्वर है। "अपना हाथ अपनी छाती पर रख।" उसने अंदर डाला और बाहर निकाला कोढ़ से सफेद हो गया, कहा, "इसे वापस डाल और फिर निकाल," यह दूसरे हाथ के समान था, "मैं परमेश्वर हूं।"

181 तब वह फिरौन के सामने गया और कह जो उसने कहा। वह कहेगा, उसने कहा, "यह *ऐसे, ऐसे* होने जा रहा है।" धूल उठा, और उसे हवा में फैक दें और बोला, "**यहोवा यों कहता है**, कुटकियाँ पृथ्वी पर आ जाये," और कुटकियाँ आ गई। पानी ले और उसे नदी में उड़ेल दी और कहा "**यहोवा यो कहता है**," और सारी नदियां और हर चीज लहू में बदल गई। स्वर्ग ओले नीचे गिराये।

182 आप जानते हैं, अंत के दिनों में यह विपत्तियां फिर से आएगी। और स्मरण रखें, एक व्यभिचारिणी बाईबल के समय में, उसकी सजा पत्थरवाह करके मृत्यू थी, और अविश्वासी कलीसिया ओलों से पत्थरवाह करके मृत होगी। एक समय परमेश्वर की सजा देने की विधि थी। वह इस अविश्वासी संसार को पत्थरवाह करेगा, वो इस व्यभिचारी पीढ़ी, वो स्वर्ग ओलो से जो भारी–भारी होंगे, जो कि सौ पौंड के हैं। व्यभिचारी कलीसिया परमेश्वर के दंड से मारी जाएगी, पत्थरवाह होकर, जैसा उसने आरंभ में किया, कलीसिया परमेश्वर के संग ठीक हो जा, हम सब को यही करना चाहिए, परमेश्वर की ओर वापस फिरे!

183 वह झुर्रीयों वाला, सफेद दाढ़ी और बाल, गंजा सिर झुर्रीदार हाथ अस्सी वर्ष का ऐलिय्याह वहां जंगल में बैठा हुआ, लोगों के पापों पर दृष्टि करता है। एक प्रात: परमेश्वर उससे बोला, "वहां जाकर आहाब को बता दें कि आकाश से ओस तक ना पड़ेगी जब तक तू ही ना पुकारे।"

184 मैं देख सकता हूं, उसकी छोटी बूढी आंखें, रोये दार सफेद दाढ़ी छड़ी उसके हाथ में सड़क पर 16 वर्ष के लड़के के समान चला जा रहा है। सीधा

राजा की उपस्थिति में जा रहा है और बोला, "यहां तक कि स्वर्ग से ओस भी ना पड़ेगी, जब तक मैं इसके लिए ना कहूं।" वह परमेश्वर से ना लज्जाया या उसके वचन से; एक राजा को या किसी को भी बता। वह लज्जित नहीं हुआ था, उसे छिपना नहीं था, कहता, "आहाब अब तू एक... "

185 अब यह मेरे मष्तिक में हमारे समान कुछ आता है। तब मैंने लोगों से कहा, "मैं उस स्थान पर आ रहा हूं, मुझे अधिक विश्वास की आवश्यकता है।" यही है इसलिए अब मैं घर पर कि एक—एक धमाकेदार नया विश्वास पाऊं।

186 ऐसा अनुभव होता है, लगता है, जब आप लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं आप खेद प्रगट करते हैं, "श्री डेविल क्या कृपा करके तू यहां से हट जाएगा और मुझे करने दे... ? " कुछ नहीं! विश्वास के डोले होते हैं, और छाती पर बाल, जब यह बोलता है, हर चीज बंद हो जाती है, इसमें ना जाए "श्रीमान शैतान तू बाहर जा? "

187 "यहां से बाहर हो जा! मैं परमेश्वर के पुत्र हूं, परमेश्वर की ओर से अधिकार प्राप्त, इन्हें छोड़ दे!" यह हटता है। आपको शैतान से क्षमा निवेदन नहीं करना है, उस से कोई मतलब नहीं। परमेश्वर के वचन से लज्जित नहीं; अपने प्रधिकार से लज्जित नहीं हुए, इस बात से लज्जित नहीं कि हम कौन हैं।

188 केवल यही लज्जा कि मैं हूं, क्या मैं ब्रन्हम हूं, यह मेरा सांसारिक जन्म है, मैं अपनी असफलताओं से लज्जित हूं।

189 परंतु उसके एक सेवक के समान, मैं लज्जित नहीं! मैं उसके वचन से लज्जित नहीं। चाहे ये नामधारी, राजा, अधिपति, ये चाहे जो भी हो; उत्तर देने के लिए तैयार रहें, परमेश्वर ने इसलिए बुलाया है।

190 मूसा फिरौन के सामने गया, वह उसे यह बताने से नहीं शर्माया था कि वे राजीनामा नहीं करेंगे, और उसके लोगों को *इतने दिनों* तक जंगल में ले जाने को।

उसने कहा, "कुछ महिलाये आपके बालों के पास रुक जाएगी।"

191 कहा, "हम सारे के सारे जायेंगे, एक खुर भी पीछे ना छूटेगा, हम अपने पशु और सब ले जायेंगे।" वह लज्जित नहीं हुआ। क्यों? वह छुटकारे के प्रकाश में आया।

192 यही कारण है कि पुरुष या महिला बीमार या कुछ भी एक बार परमेश्वर की उपस्थिति में आ गया, और जानता है कि परमेश्वर ने उन्हें चंगा किया है, तो आपने छुटकारे के प्रकाश में कदम रख दिया, आप किसी चीज पर समझौता नहीं करते।

193 छुटकारा उसके ह्रदय में था, क्योंकि वह परमेश्वर से मिला था। जिसने कहा, "मैं अब्राहम का परमेश्वर हूं, जिसने अब्राहम को प्रतिज्ञा दी थी, और समय छुडौती का समय, स्वतंत्र होने का समय, तब ही था, मैं तुझे वहां भेज रहा हूं कि उन्हें बाहर निकाल ले आए।" इसमें निवेदन करने का क्या है?

194 फिरौन उसे मार सकता था, वह साधारण मनुष्य था, वह गुलाम था, वह उसे मार सकता था, परंतु वह वचन से लज्जाया नहीं। वह आकर अपने घुटनों पर नहीं हुआ और फिरौन से बेमतलब बिनती कि, उसने कहा "मैं उन्हें लेने आया हूं।"

फिरौन ने कहा "तू उन्हें नहीं ले सकता!"

195 उसने कहा "ठीक है तो पृथ्वी पर कुटकियां होगी, जब तक तू उनमें मेहनत से ना निकालेगा।" और वहां क्या हुआ।

कहा, "ओह मूसा इन्हें दूर हटा दे!"

कहा, "ठीक है, अब क्या तू प्रायश्चित करता है? "

बोला, "अच्छा तुम *इतने* दिनों के लिए जंगल में जा सकते हो"

196 उसने कहा "तो फिर कुटिकियां आयेगी।" आमीन। कहा, "अंधकार आयेगा।" यह इतना अंधेरा था कि आप एक से दूसरा स्थान नहीं देख सकते।

197 और अंत में मृत्यू आयी। फिरौन से लेकर नौकर, परिवार के हर बड़े बालक के लिए यह मृत्यु थी। किसी से क्षमा नहीं मांगनी, वह अब्राहम का पुत्र था, परमेश्वर के आत्मा से जन्मा था, परमेश्वर द्वारा प्राधिकार दिया गया, परमेश्वर का संदेश और जाकर उन लोगों को बाहर निकाल ला।

198 क्या परमेश्वर इस चीज को इस घड़ी में कर सकता है कि कलिसिया में से एक दुल्हन निकाल ले। [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा.] डेनियल नहीं था या...

199 बल्कि दाऊद, शाऊल के सामने ना डरा, जब हर कोई वहां गोलियथ से डर रहा था, वह उसके सामने जाने से ना डरा और कहा, "तेरा दास... " इस दुबले पतले दिखने वाले व्यक्ति ने कहा, "तेरा दास अपने पिता कि भेड़ बकरियां चराता था और एक भालू आ गया और उनमें से एक को पकड़ लिया, मैंने जंगल में उसका पीछा किया और उसे मार डाला, गोफन से। एक सिंह आ गया, " ओह! "एक सिंह भीतर आ गया, और उनमें से एक को लिया और जंगल में भाग गया, मैंने गोफन से उसे गिरा दिया। जब वह उठा, मैंने उसे मार डाला।" उसने कहा, "और परमेश्वर... " वह पिछड़ा हुआ राजा वहां खड़ा हुआ था, और ढीले ढाले सिपाही स्वर्ग के परमेश्वर कि सेवा करने का दावा कर रहे थे। और उस खतनारहित फिलिस्तीनी को वहां खड़े हुए जीवीत परमेश्वर की सेना भला बुरा कहने दे रहे थे। कहा, "तेरा दास उसे भी मार डालेगा, क्योकि वह परमेश्वर जिसने सिंह से छुड़ाया और मुझे भालू से, वह इस खतनारहित फिलिस्तीनी से भी छुडायेगा।" वह हकलाया नहीं, यह नहीं कहा, "*शायद* यह हो जाए।" उसने कहा, "यह होगा!" वह लज्ज़ाया नहीं।

200 राजा के सामने डेनियल उसकी आज्ञा तोड़ने से नहीं डरा कि कोई प्रार्थना नहीं करेगा, केवल उसकी। उसने खिड़कियां खोली पल्ले खोल दिए, और दिन में तीन बार प्रार्थना की, वह डरा नहीं था।

201 शद्र्क, मेशक और अबेदनगो उस आग की भट्टी से ना डरे। कहा, "हमारे परमेश्वर हमे छुड़ाने योग्य है। परमेश्वर हमें छुड़ा सकता है, परंतु यदि वह नहीं छुड़ाता, तो हम तेरी मूरत के सामने नहीं झुकेंगे।" वे इससे लज्जित नहीं हुए, नहीं श्रीमान, नहीं श्रीमान निश्चय ही वे इससे लज्जित नहीं हुए, नहीं, श्रीमान। निश्चय ही वे इससे लज्जित नहीं हुये क्योंकि वे जानते थे।

202 समसून फिलीस्तीनियो के सामने लज्जित नहीं हुआ। जब हजारों उसकी और दौड़े, उसने गधे की जबडी की हड्डी उठाई। और वे पीतल के टोप जो एक डेढ़ इंच मोटे थे, उसने उससे हजारों को गिरा दिया और फिर भी जबड़े की हड्डी उसके हाथ में थी। वह घबराया नहीं था। उसने बस वह उठा लिया जो उसके हाथ में था और उसी से कार्य पर लग गया, वह जानता था कि परमेश्वर का आत्मा उस पर है। उसे मालूम था कि वह नाजिर होकर जन्मा है, वह जानता था कि उसे परेशान नहीं कर सकता था। वह परमेश्वर का

दास था, जब तक वह परमेश्वर की इच्छा में रहा, तो उसके सामने कोई नहीं टिक सका। कोई मतलब नहीं कितने राजा या फिलिस्तीनी या जो भी आए। ठीक है।

203 यूहन्ना परमेश्वर के वचन से नहीं लगाया, जो उसके पास जंगल में आया था और उससे कहा कि जाकर पानी से बपतिस्मा दे। वह यह कहने से नहीं लज्जाया, "देखो परमेश्वर का मेमना जो जगत के पापों को उठा लिए जाता है," क्योंकि परमेश्वर का आत्मा उसके ऊपर था। वह याजको से लज्जित नहीं हुआ।

204 वह परमेश्वर के वचन से लज्जित नहीं हुआ, जब वह हिरोदेस के सामने पहुंचा, फिलिपुस की पत्नी, हिरोदेस के साथ रह रही थी। सीधा राजा के सामने गया, यह पुराना बालों से भरा चेहरे वाला, वहां जंगल से निकल कर आया, बिना शिक्षा के या कुछ भी और सीधा हिरोदेस के सामने जा पहुंचा, और बोला, "यह तेरे लिए उचित नहीं कि तू उसे रखें।" वह परमेश्वर के वचन से लज्जित नहीं था। निश्चय ही। वह बील्कुल भी इससे लज्जित नहीं था।

स्तफनूस परमेश्वर के वचन से लज्जित नहीं था।

205 पहले, पेंटीकोस्टल के लोग, वहां पेंटीकोस्टल के दिन में थे जब वे ऊपरी कोठरी में इकट्ठा हुए, पवित्र आत्मा उन पर परमेश्वर के प्रतिज्ञा के द्वारा उतरा। लूका 24:49 ने कहा:

> *... और देखो, जिसकी प्रतिज्ञा मेरे पिता ने की है, मैं उसको तुम पर उतारूंगा और जब तक स्वर्ग से सामर्थ न पाओ, तब तक तुम इसी नगर में ठहरे रहो।*

206 और वही प्रतिज्ञा, जो परमेश्वर के वचन ने उन से की, "देखो मैं अपने पिता की प्रतिज्ञा तुम पर उतारूंगा, परंतु वहां प्रतीक्षा करो, अधिक धर्म विज्ञान ना लो या शिक्षा और आदि–आदि, जब तक तुम सामर्थ ना पाओ प्रतीक्षा करो।" और जब सामर्थ स्वर्ग से आयी, तेज आंधी के समान, वे सुसमाचार से नहीं लजाये।

207 पतरस खड़ा हुआ कहा, "तुम में से हर एक प्रायश्चित करें। तुम लोगों ने दुष्ट हाथों से शांति के राजा को क्रूस पर चढ़ाया, जिसे परमेश्वर ने मरे हुओ में से जिलाया और हम उसके गवाह है। क्योंकि ये भविष्यवक्ता योएल

ने कहा है, यह अंत के दिनों में घटित होगा, 'मैं अपना आत्मा हर प्राणी पर ले उड़ेलुगा।'" वह सुसमाचार से नहीं लज्जाया।

208 छोटा स्तफनूस, जैसा कि मैंने कुछ मिनटों पहले कहा था जैसे कि वह एक—एक—एक तूफान में से निकला। वह प्रचारक नहीं था। वह बस एक डिकन था, परंतु उसने हर जगह पुनुरुत्थान का प्रचार किया, वह परमेश्वर से मिला था। और यह इस प्रकार थे...

209 उसे रोकने का प्रयत्न किया? यह तो इस प्रकार था कि एक आग लगे, घर को, हवा चलने वाले सूखे दिन में बुझाने का यत्न करें क्यों हर बार हवा चली, दूसरी आग लग गयी।

210 सन्हेदरीन सभा के सामने उन्होंने उसे झिड़का, क्या तुम अनुभव कर सकते हो कि यह क्या है? यह सर्व एकता याने इकुमेंसिअल कौंसिल के समान है। सारे धर्मो के ऊपर इकुमेंसिअल कौंसिल याने सर्व एकता। वे सारे सन्हेदरीन सभा के अधीन थे। फरीसी, सदूकी, हिरोदियन वे जो भी थे उन्हें उस सभा में होना ही था। और वे उसे पकड़ कर ले आये, एक संगठन नहीं, परंतु बड़ी महासभा ने उसे पकड़ा, "हम उसका कलेजा बाहर कर देंगे, इतना डरायेगे।"

211 जब उस प्रात: वह गया, बाईबल ने बताया उसका मुख स्वर्गदूत के समान दिखाई पड़ा। उसने कहा, "लोगों और भाइयों मैं आपको बता दूं। हरान में आने से पहले हमारे पूर्वज मिसीपुतामिया में रहते थे," और आदि–आदि। वह उन्हें वचनों से बतायेगा, तब जब वह घायल हो गया पवित्र आत्मा उस पर आया उसने कहा, "तुम ढीठ, ह्रदय और कानों से खतना रहित तुम ने सदा पवित्र आत्मा का सामना किया, जैसा तुम्हारे बाप दादो ने किया तुम भी करते हो।" वह सुसमाचार से नहीं लज्जाया, वचन से नहीं लज्जाया, वह सन्हरदीन सभा के सामने परेशान नहीं हुआ। नहीं।

212 पौलूस ने अग्रिप्पा से कहा। यहूदी होने के नाते, गेमलियल के अधीनता में सिखाया गया, वह महान सम्मानित व्यक्ति था। परंतु एक दिन, दमिश्क की राह पर, वह परमेश्वर की उपस्थिति में आया, परमेश्वर के संपर्क में स्वर्ग से एक स्वर्गदूत अग्निस्तंभ के रूप में आया, एक ज्योति ने उसे भूमि पर गिरा दिया। उठा और बोला, "प्रभु, तू कौन है?"

और उसने कहा, "मैं यीशु हूं।"

213 अग्रिप्पा के सामने खड़ा, उसने कथा को फिर दोहराया। उसने कहा, "मैं यीशु मसीह के सुसमाचार से नहीं लज्जाता, क्योंकि यह उद्धार के लिए परमेश्वर की सामर्थ है, और हर एक जो विश्वास करता है।" निश्चय ही।

214 अब मित्रों, हम एक मनुष्य के साथ यहां तक आये हैं इस युग से होते हुये, परंतु हमारा समय निकल गया।

215 परंतु मैं यह कहूं, एक मनुष्य जो एक बार परमेश्वर के संपर्क में आया, जो कि वचन है, और वचन स्पष्ट हो गया और उस पर प्रगट हुआ, इस विषय में कोई लज्जा की बात नहीं। आप व्याकुल नहीं है। यह कहते हुये परेशान नहीं हूं, मैं परमेश्वर के वचन का विश्वास करता हूं, व्याकुल नहीं होता हूं, जब प्रभु कुछ भी कहने को कहता है, तू जा और यह कह और कर; बिल्कुल परेशान नहीं होता हूं, यह कहते हुए कि मैं पवित्र आत्मा से भरा हुआ हूं; मुझे परेशानी नहीं होती कि कहू मैंने अन्य भाषाये बोली है। मुझे यह कहते हुये परेशानी नहीं होती कि प्रभु ने मुझे दर्शन दिए हैं; यह कहते हुए कोई परेशानी नहीं होती कि यीशु मसीह कल, आज और सर्वदा एकसा है।

216 "जब तुम हाकिमो और राजाओं के सामने मेरे नाम के कारण लाए गए, तो यह न सोचना कि हम क्या कहेंगे, क्योंकि यह तुम्हें उसी घड़ी बता दिया जाएगा, यह तुम नहीं जो बोलते हो, परंतु मेरा पिता जो तुम में वास करता है। परंतु इस पीढ़ी में जो कोई मुझसे लज्जायेगा और मेरे वचन से, उससे मैं अपने पिता के और पवित्र दूतो के सामने लज्जाऊंगा।" हम ना लज्जाये परमेश्वर हमारी सहायता करें, परंतु जीवित गवाह होने को हमारी सहायता करें।

217 हर मनुष्य पुराने नियम में, जब भविष्यवक्ता आए, वे—वे जीवित वचन हो गए, वे वचन थे। यीशु ने कहा वे ईश्वर कहलाए और वे थे, क्योंकि परमेश्वर का वचन उनके पास आया, वे कहते हैं, ये "**यहोवा यों कहता है**" है।

218 और मसीह का कोई भी चेला, जो छुटकारे में उसके सम्पर्क में आया और उद्धार उसके ह्रदय में आया, वह परमेश्वर की आधीनता में है। और हमें किस प्रकार का जीवन जीना चाहिए और हमें कैसे चलना चाहिए और कैसे बात करनी चाहिए, यदि परमेश्वर स्वयं का हमारी मरणहार देहो से अपना प्रतिनिधित्व कराता है? इससे कौन लज्जित हो सकता है?

219 यदि मैं ऐसे स्थान पर पहुंचू कि मैं पुलिस बल में यहां जैफरसनविले में होऊ और सारे अधिकारों के साथ सड़क पर जाऊं, तो मैं नगर से नहीं लज्जाऊंगा, मैं नगर का भाग होऊगा, मैं एक पुलिस होऊगा, नगर का एक भाग कि नियम आचरण व्यवस्था को बनाए रखू। यदि कोई मनुष्य लाल बत्ती पार कर दे, तो उसे यह बताने में कि उसने गलत किया है, लज्जित ना होऊंगा, उसको जुर्माना लगाऊंगा, यह मेरा कर्तव्य है, क्योंकि मुझे—मुझे नगर से इस बात का भुगतान होता है, मेरा भरण–पोषण नगर से है। कोई अर्थ नहीं, यदि वह पीए हैं या उसके साथ क्या मामला है, वे मेरा पक्ष लेंगे मैं अपने स्थान पर हूं क्योंकि मैं पुलिस वाला हूं और या... मैं ठहराया गया हूं, या यहां पर रखा गया हूं अधिकार के साथ कि यह करूं। आपको, कानून और अधिकार और आदि–आदि लेना है और देखना है कि ठीक किया गया है।

220 तब यदि मैं मसीही हूं और आत्मा से भरा हुआ हूं और मसीह के जी उठने की गवाही रखता हूं कि वह कल, आज और सर्वदा एकसा है और कोई भी शैतान आपको इधर–उधर ना घुमाने पाए, कहे, "तुम *यह* ना करो और तुम *वह* ना करो।" आप यही करो। परमेश्वर ने आपको दिया है...

221 देखिए हमारे पास सामर्थ नहीं है। पुलिस वाले के पास सामर्थ नहीं है कि एक कार को रोक दें। यह... कभी–कभी यह तीन या चार सौ अश्व शक्ति का इंजन, वह इस विषय में क्या कर सकता है? परंतु उसके पास अधिकार है।

222 और कलीसिया यही है। यीशु मसीह के जी उठने से हमारे पास अधिकार है, और उसकी प्रतिज्ञा का वचन, हाल्लेलुय्या, "वह कार्य जो मैं करता हूं, तुम भी करोगे, (वरन इससे भी बढ़कर) क्योंकि मैं पिता के पास आता जाता हूं।"

223 उससे इस पीढ़ी में मत लजाओ; पापी, अंतिम घबराई हुई पीढ़ी, जो कभी पृथ्वी पर हुई, यह पापी व्यभिचारी और सड़े घावो से भरी हुई। हर वह चीज जो सभ्य थी, असभ्य हो गई, राष्ट्र राजनीति, भ्रष्ट, राष्ट्र टूट रहे हैं।

224 वहां दूर अफ्रीका के जंगलों में, जंगल में शिकारियों में उन्हें शक्तिशाली एल्विस प्रेसली के रेडियो ले जाते हैं, पेट बोने और वे लोग उस नाच गाने के साथ। और वहां के मूल निवासी उन्हें सिरो को भटकाते और इस प्रकार का व्यवहार करते है और देखते हैं। परंतु आप देखिए परंतु वे पेट बोने और

एल्विस प्रेसली जैसे अमेरिकन नहीं है, और रिक्की नेल्सन और वे लोग, वे उस प्रकार के यहूदा नहीं है, परंतु वे... इसकी आत्मा को देखिए। और यह आत्मा केवल अमेरिका में ही नहीं है, यह समस्त संसार में फैल गई है ताकि उन्हें आरमेगेदोन के युद्ध पर लाए। वे इस प्रकार व्यवहार करते हैं चाहे वे... चाहे वे किसी भी राष्ट्र से हो, अफ्रीका, इंडिया, ये जो भी है यह गंदगी सारे पृथ्वी पर फैल गई है, केवल एक व्यक्ति के द्वारा आरंभ होकर।

225 इसी प्रकार से सर्वशक्तिमान परमेश्वर की सामर्थ, और सुसमाचार समस्त संसार में फैल गया, और अलग होने का समय अब चल रहा है, शैतान कलीसिया को बुला रहा है, मुझे दुल्हन का भाग होने दो!

हम प्रार्थना करें

226 प्रिय परमेश्वर, हम दीवार पर हस्तलेख देखते हैं, प्रभू। हम अन्त के समय में है। हम जानते हैं कि आगे महान चीज है परंतु अब भी कही, कही बहार इस गड़बड़ में, अब भी ईमानदार लोग हैं जो जीवन के लिए ठहराये हुए हैं। यह एक या दो मनुष्यो के लिए असंभव होगा, परंतु परमेश्वर हम सब एक साथ इसे हर कोने में फैला दें, जो हम कर सकते हैं, यह सुसमाचार कि यीशु आ रहा है और देखें और इस छोटी रोटी के साथ–साथ एक छोटा वचन। जहां कहीं भी उकाब है, वे इस भोजन के पीछे आएंगे, चाहे यह टेप के द्वारा आए या वचन और गवाही के द्वारा, उकाब इसके पीछे उसके मुख्यालय तक आएंगे क्योंकि यह लिखा है "जहां लोथ होगी वहां उकाब इकट्ठा होंगे।" प्रिय यीशु, हम जानते हैं कि तू वह लोथ है, जिसे हम खाते हैं, तू वचन है, और वचन देहधारी हुआ और हमारे मध्य में डेरा किया। परमेश्वर, हम प्रार्थना करते हैं कि जैसे हम वचन को बखेरते हैं, सच्चे उकाब इसे ढूंढ लेंगे।

227 जब हम लोगों के सामने खड़े हो, हम ना लज्जाये, बुरे भिन्न–भिन्न लोग धार्मिक, ये जो भी हो। जैसा पौलुस ने तिमुथियुस से कहा,

> *... समय और असमय, सब प्रकार की सहनशीलता और... शिक्षा के साथ उल्हाना दे डांट और समझा।*
>
> *क्योंकि ऐसा समय आएगा कि लोग खरा उपदेश ना सह सकेंगे पर कानों की खुजली के कारण अपनी अभिलाषाओ के अनुसार... अपने लिए बहुतेरे उपदेशक बटोर लेंगे।*
>
> *अपने कान सत्य से फेर कर... कथा... कहानियों पर लगाएंगे।*

228 परमेश्वर हम इसी दिन में रह रहे हैं। आपने मुझे इन दिनों में बहुतायत से जीने दिया कि यह होते हुए देखूं। जैसा कि यह आज इस आराधनालय के कोने के पत्थर में यहां रखा है, आज से 33 वर्ष पहले।

229 यहां परमेश्वर प्रत्येक को आशीष दे। प्रभु यदि यहां एक भी है, जो आपसे मिलने को तैयार नहीं, कि वे आपके वचन से सहमत नहीं। और वे आपसे आमने सामने नहीं मिले और जानते हैं कि आप किसी प्रकार के कार्यकलाप स्वीकर्ता से नहीं, जैसे कि आप मतसार होंगे या ऐसे ही कुछ, परंतु जीवत परमेश्वर से मिले हैं; और यदि उन्होंने यह नहीं किया है, प्रभु, तो वे इसे अभी करें।

230 मैं—मैं विश्वास करता हूं कि तू—तू इस घड़ी में वास्तव में समीप है, मैं नहीं जानता कि वे कौन है, मैं नहीं जानता यदि यहां पर कोई भी है, परंतु मुझे आपसे प्रार्थना करने की अगुवाई हुई। वे लोग नहीं जो मुझे सुनते हैं, क्योंकि वह तो धार्मिक ढोंग होगा परमेश्वर ऐसा ना हो, मैं ढोंगी नहीं होना चाहता, परंतु मैं ह्रदय की गहराई से प्रार्थना करता हूं, प्रभु।

231 जिस किसी से पुरुष या स्त्री से इस प्रात: आपने बात की है, होने पाए वे नम्रता से लज्जित ना हो परंतु अपने ह्रदय की गहराई में अब आपको स्वीकार करें। इस सांझ को आते हुए और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा ले, हर वचन, हर वचन का पालन करें यदि उन्होंने भिन्न प्रकार का बपतिस्मा लिया है, या छिड़काव या उंडेलने का। स्मरण रखें (प्रभु हम रखते हैं) कि आपने कहा कि "जो कोई भी पुस्तक में से एक वचन भी निकालेगा, एक वचन इसमें मिलाएगा, तो उसका भाग जीवन की पुस्तक में से निकाल दिया जाएगा।" यदपि वह यत्न करें, आए और अपना नाम पुस्तक में लिखें, यह—यह काम नहीं करेगा, हम ईमानदार और नम्र हो जाए।

232 अब ये लोग तेरे हाथों में हैं प्रभु, आप उनके साथ वैसा ही करें जैसा उचित हो, क्योंकि ये तेरे हैं, परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह के नाम में।

233 अब जब कि हमारे सिर झुके हुए हैं, इस समय में बड़ी गंभीरता से विचार करना चाहता हूं, 15 मिनट देर करने के लिए क्षमा चाहता हूं। अब हम गुनगुनाना चाहते हैं, और अब अपने ह्रदय में सोचें, "क्या मैं वास्तव में परमेश्वर से मिला हूं? " बड़ी गंभीरता से इस पर सोचे, क्योंकि यह बहुत बार नहीं होगा... संभव है, अब यह अंतिम बार हो कि उसके आगमन से पहले हम मिले। मित्रों, यह समाप्त है, हर वचन ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा

होने पर है, और यह आपके लिए हो सकता है या मेरे लिए, संभव है यह हमारा अंतिम अवसर हो, रात्रि से पहले हम चले जाए।

मैं उसके संग जाऊंगा हर मार्ग पर

मैं सुन सकता हूं, "क्या तुम मुझसे और मेरे वचनों से लज्जित हो? "

मैं अपने बचाने वाले को सुन सकता हूं...

234 अब जरा यह कल्पना करें कि आप अपने मृत्यू शय्या पर पड़े हैं। "क्या सुन सकते हैं... " तो हो सकता है देर हो जाए, परंतु यह अब है

"तेरे क्रूस लेकर" और अब हो सकता है बलिदान, "मेरे पीछे आ।"

अब, अपने ह्रदय में, इसका उत्तर दे:

मैं उसके साथ वाटिका से होकर निकलूंगा,
मैं उसके साथ वाटिका से होकर निकलूंगा,
मैं उसके साथ वाटिका से होकर निकलूंगा,
मैं उसके संग जाऊंगा, उसके साथ...

235 अब अपने झुके हुए सिरो के साथ, बस अपना हाथ उठाकर कहे:

मैं उसके संग न्याय से होकर निकलूंगा

अब यही है जो चल रहा है, वह हमारा न्याय कर रहा है

मैं जाऊंगा...

प्रभु क्या आप मुझे दोषी पाते हैं? तो मुझे क्षमा कर दे।

... उसके न्याय से होते हुए,

प्रभु आज प्रातः आप मेरा क्या न्याय करेंगे

... उसके संग न्याय से होते हुए...

प्रभु मुझे जांच, यदि मुझसे कुछ अशुद्ध हो

... उसके साथ, उसके साथ, हर मार्ग पर

236 पिता हम आपका इस प्रात: इन हाथों के लिए धन्यवाद देते हैं। मैंने एक भी व्यक्ति को नहीं देखा, कि जिसने अपने हाथ को न उठाए हो, मैं आपका धन्यवाद देता हूं, प्रभु। मैं—मैं विश्वास करता हूं ना ही आपने प्रभु। कोई भी ऐसा नहीं, जिसने अपना हाथ ऊपर ना किया हो, ये न्याय

से निकलने को तैयार है, प्रभु हमें जांच, और यदि हम में कुछ भी गलत हो तो इसके लिए हमें क्षमा करें पिता। हमें अपना अनुग्रह प्रदान करें क्योंकि हम तेरे न्याय का सामना नहीं करना चाहते, जब अनुग्रह ना हो। इसलिए अनुग्रह अब है, इसलिए हम प्रार्थना करते हैं, परमेश्वर कि आप हमें जांचे और हमारे पापों को, अपने वचन और प्रतिज्ञा के अनुसार क्षमा करें। और हम अपने सारे जीवन के दिनों को आपके लिए जिए, ना कि सुसमाचार की लज्जा के लिए।

237 अब, पिता, यदि यह आपकी इच्छा हो हम लगातार तीन रविवार सभाओं के लेंगे, इसके लिए हमारे ह्रदयो को तैय्यार करें प्रभु। ओह परमेश्वर, मुझे तैय्यार करें, मैं ही हूं जिसे बहुत ही गहराई से आपकी आवश्यकता है, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप मेरी अगुवाई और निर्देशन इन चीजों में करेंगे जो मुझे इन आने वाले दिनों में करना चाहिए और कहना चाहिए।

238 हमारे मूल्यवान भाई नेविल की अगुवाई और निर्देशन करें, आपका बहादुर सेवक, प्रभु और भाई मान को भी, और कलीसिया के डिकनो को और ट्रस्टियो और हर व्यक्ति जो यहां पर जमा है।

239 प्रभु, हमें तैय्यार कर, ताकि हम योग्य हो सके, उस वास्तविक एक—एक मसीह रीति में, कि पापियों को आपके पास लाए और परमेश्वर के ज्ञान के लिए कलीसिया के सदस्यो को लाए, जो हम जानते हैं कि हम व्यक्तिगत तौर पर मिले हैं, आप उनके भी परमेश्वर हो जाए। अब पिता, हम यह नहीं कर सकते, हम उन्हें भीतर नहीं भेज सकते, परंतु आप पवित्र आत्मा लोगों पर कलीसिया के सदस्यो पर मंडरा।

240 और जैसा कि उस प्रातः मेरा अनुभव आपके साथ हुआ, "कि जाकर मेरे पुत्र के लिए दुल्हन ला, लोगों के मध्य में से निकल, कलीसिया में से निकाल, दुल्हन को बाहर खेच।" अब प्रार्थना में प्रभु, आप रिबका को भेजें, मैं एलीएजर होने का यत्न करूंगा। आपका आज्ञाकारी दास होने के लिए सहायता करें। और स्वर्ग का परमेश्वर मेरे आगे अपना दूत भेजें कि हम चीजों को एक साथ इकट्ठा करें और दुल्हन को चुनें, जो चुनी हुई है। हम यह यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

241 अब, मुझे खेद है कि आपको देर तक रोके रखा यह 25 मिनट ऊपर है, 25 मिनट पहले मुझे यहां बाहर होना चाहिए। परंतु अब आप उस पुराने

गाने को पसंद करते हैं, "यीशु नाम को अपने साथ ले"? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] क्या सुंदर नहीं है? मैं इसे लगभग 33 वर्षों से विसर्जन गीत के समान गा रहा हूं। पानी का बपतिस्मा, "तूफानी यर्दन के किनारे मैं खड़ा हूं।" और मैं सोचता हूं, यह बहुत सुंदर है, "जहां कहीं आप जाए, आप इसे साथ ले जाए!"

कीमती नाम, ओह कितना मीठा!
आशा... (अब जो आपके पास हो उससे हाथ मिलाये)
कीमती नाम, कीमती नाम, ओह, कितना मीठा!
पृथ्वी की आशा और स्वर्ग का आनंद।

242 अब स्मरण रखें, आज रात की सभा 7:30 बजे आज रात 7:30 बजे। अब आइए एक पद गाये।

यीशु नाम को अपने साथ ले
हर फंदे से एक ढाल
जब परीक्षाएं चारों ओर हो... (तब आप क्या करते हैं?)
प्रार्थना में उस पवित्र नाम को अपनी सांसो में लेते हैं

कीमती नाम ओह कितना मीठा!
पृथ्वी की आशा और स्वर्ग का आनंद;
कीमती नाम ओह कितना मीठा!
पृथ्वी की आशा स्वर्ग का आनंद।

243 क्या इस सभा के पश्चात कोई बपतिस्मे के लिए है? यदि है तो अपना हाथ उठाएं, कोई बपतिस्मे के लिए? दो, ठीक है, इस सभा के तुरंत बाद बपतिस्मा। यदि आप बाकियों में से आप में से कोई जो बपतिस्मा लेना चाहता हो, हमारी हर सभा के बाद बपतिस्मे होंगे, आपको केवल करने के लिए कहना है। हम आपको बपतिस्मा देने को तैयार है, यह हमारा कर्तव्य है कि आपको अपने प्रभु यीशु मसीह के नाम में बप्तिस्मा दे, करने के लिए हमारा कर्तव्य है। और यह करने से हमें प्रसन्नता होगी, किसी भी समय। आप जिनका बपतिस्मा होना है, सभा के बाद तुरंत कमरों में चले जाएं और फिर हम आगे बढ़ेंगे, पानी के बपतिस्मे के साथ। कोई जो इनके पीछे आना चाहे आप निश्चित रहे कि हम यहां पर हैं... यदि आपने अपने पापों से प्रायश्चित किया है, और अपने यीशु को अपना बचाने वाला स्वीकार किया है।

244 आप वर्षो से मसीही हैं, कभी ज्योति नहीं देखी और अब छुटकारे की ज्योति आ गई है। एक स्त्री, एक दुल्हन, जिसे नाम लेना चाहिए! यीशु ने कहा, "मैं अपने पिता के नाम से आया हूं और तुम मुझे स्वीकार नहीं करते। परंतु एक अपने ही नाम से आएगा और तुम उसे स्वीकार करोगे," वह आपकी नामधारी कलीसिया।

245 कोई भी पुत्र अपने पिता के नाम से आता है। मैं अपने पिता के नाम से आया हूं, तुम लोग अपने पिता के नाम से आए हो।

246 और उसका क्या नाम था, पिता का क्या नाम है? यीशु! वह, "पिता के नाम से आया हूं और तुम मुझे ग्रहण नहीं करते।" अब उसकी दुल्हन उसका नाम लेगी, निसन्देह।

247 मैंने ब्रॉय नाम की एक महिला को लिया, और वह ब्रन्हम हो गई।

248 वह एक दुल्हन के लिए आ रहा है, निश्चित हो और स्मरण रखें कि जैसे ही आप तलाब पर आते हैं।

आइए अब हम अपने सिरों को झुकाए।

249 और यहां भाई व्हेल हमारे लिए अपरिचित नहीं है। वह बहुत ही मूल्यवान भाई है, मेरे साथ बहुत सभाओं में रहे हैं, वह और उनकी पत्नी। और अब वे उन उपदेशो के लेखक हो गए हैं, और यह चीजें पुस्तक के रूप आ रही है। भाई व्हेल, क्या आप हमें प्रार्थना में विसर्जित करेंगे, जबकि हम अपने सिरों को झुकाए हुए हैं। [भाई वायल प्रार्थना करते हैं—सम्पा।]

लज्जित

यह मेरे जीवन के सर्वोच्च क्षणों में से एक है। मैं पंद्रह वर्ष तक रुका रहा इस समय के लिए। मेरा ह्रदय आपको फिर से देखने के लिए तरस रहा है, जब से मैं आपको छोड़कर गया हूं। मैंने बहुत ही प्रार्थना की, वापस आने के लिए। और कुछ ही हफ्ते पहले, मैं प्रतीक्षा में था, ये विश्वास करते हुए कि मैं वापस आकर और एक सभा को लूँगा। लेकिन जब मुझे "प्रतिबंधित," वीजा मिला तो, मुझे लगभग ह्रदय का दौरा पड़ गया था। मैं किसी भी तरह से आना चाहता था!

लेकिन मुझे अभी भी विश्वास है कि, परमेश्वर के जरिये से, मैं अफ्रीका के लोगों के बीच फिर से सेवकाई करूँगा, प्रभु यीशु का नाम में। परमेश्वर

ने हमें हमारी ह्रदय की इच्छा को देने की प्रतिज्ञा की है, और यह मेरे उन ह्रदय की इच्छाओं में से एक है।

मैं यहां जोहान्सबर्ग में हुई शानदार सभाओ को याद कर सकता हूं। मुझे याद है वो लड़का जो छोटे पैर के साथ था, फिर से लंबे हो रहे थे, सामान्य। और उस महिला कि छोटी सी लड़की एक पीठ की परेशानी से ठीक हो गई थी, और उसकी माँ बेहोश हो गई और वापस खाट में गिर गई।

[अनुवादक अंग्रेजी में बोलता है, "भाई ब्रंहम, वह मेरी पत्नी का चचेरी बहन थी।"—सम्पा।] आपकी पत्नी का... ओह!

वहां बहुत सारी शानदार बातें हुई हैं! इसमें कोई संदेह नहीं, वहां बहुत से लोग उस सभाओ में शामिल हुए थे, जो अब प्रभु के साथ हैं। मैं भी तब से लेकर अब बुढा होते जा रहा हूं। मैं ज्यादा समय नहीं रहूँगा, जब तक मेरा ऊपर जाने का समय नहीं आता, फिर हम हमेशा के लिए एक साथ रहेंगे, कोई वीजा नहीं।

मैं महसूस कर रहा हूं कि संदेश को लाऊं। लेकिन यह वचन में लिखा है, कि "जो केसर का है वो केसर को दे, और परमेश्वर का है वो परमेश्वर को दे।"

मैं आपसे कुछ क्षणों में यहां मिलने की अपेक्षा कर रहा हूं, आपसे हाथ को मिलाऊं और फिर से एक साथ संगति करूं। मैं इन सारे भले पुरुषों की सराहना करता हूं।

काश, मेरे पास आज यहां अफ्रीका में मेरे सभी भाई होते थे, सभी संप्रदाय के, जिससे कि हम पूरी शाम को बस एक साथ मिल सकते है और बात कर सकते हैं। और मैं यह सुनना चाहूंगा कि प्रभु यहाँ पर आपके लिए क्या करते आ रहा हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि समुद्र के उस पार वह हमारे लिए क्या कर रहा है। शायद वह किसी दिन इसकी अनुमति देगा। उस दिन तक, मैं आपके लिए प्रार्थना में रहूँगा, और आप मेरे लिए प्रार्थना में रहना। परमेश्वर आपको आशीष दे।

[भाई विलियम मेरियन ब्रंहम ने इस कथन में अपने ह्रदय की इच्छा को व्यक्त किया कि वे संदेश को दक्षिण अफ्रीका लेकर जाना चाहते है, जिसे गुरुवार की शाम, 27 मई, 1965 को जोहान्सबर्ग में एक घर के बाहर कहा, जब इसे एक अनुवादक ने अफ्रीकन भाषा में अनुवाद किया। उन्होंने इसे

अफीका की यात्रा के बारे में बोलते हुए बताया, अपने अगले संदेश, लज्जित में, 11 जुलाई, 1965—सम्पा।]

लज्जित HIN65-0711

(Ashamed)

यह सन्देश हमारे प्यारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार सुबह, 11 जुलाई, 1965 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफ़रसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। इस संदेश के बाद भाई ब्रंहम का कथन है जिसे उन्होंने जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका, 27 मई, 1965 में बोला। जिसे चुम्बकीय टेप रिकोर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकोर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2020 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org